सोमवार, 18 नवम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 17 |
| आर्द्रता | 68% |
| सूर्योदय: 5:51 | सूर्यास्त: 16:52 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : क्रोध ऐसा हुनर है जिसमें फंसते आप हैं उलझते आप हैं और पछताते भी आप हैं।



भाजपा बताए झारखंड में उसका मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है : तेजस्वी यादव –पृष्ठ 6

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# प्रधानमंत्री मोदी को नाइजीरिया के दूसरे सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया

### नाइजीरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देता हैं भारत : प्रधानमंत्री मोदी



**अबुजा :** नाइजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शानदार नेतृत्व और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' से रविवार को सम्मानित किया। इसके साथ ही, मोदी यह सम्मान को पाने वाले दूसरे विदेशी गणमान्य व्यक्ति बन गए। स्टेट हाउस में आयोजित एक समारोह में नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू से सम्मान ग्रहण करने के बाद कहा, नाइजीरिया द्वारा 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत गर्व है। मैं इसे बड़ी विनम्रता से स्वीकार करके भारत की 140 करोड़ आबादी और भारत–नाइजीरिया की मैत्री को समर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री ने इस सम्मान के लिए नाइजीरिया की सरकार और जनता को धन्यवाद दिया। सम्मान से जुड़े पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है और उनके परिवर्तनकारी शासन ने सभी के लिए एकता, शांति और साझा समृद्धि को बढ़ावा दिया है। यह किसी देश द्वारा मोदी को दिया गया 17वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। मोदी से पहले महारानी एलिजाबेथ एकमात्र विदेशी गणमान्य व्यक्ति थीं, जिन्हें 1969 में 'ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर' से सम्मानित किया गया था। मोदी ने कहा कि भारत और नाइजीरिया के बीच संबंध आपसी सहयोग, सद्भावना और सम्मान पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, गतिशील अर्थव्यवस्थाओं वाले दो जीवंत लोकतांत्रिक देशों के रूप में हम दोनों देशों के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि नाइजीरियाई नेताओं के साथ बैठकों के दौरान उन्होंने आपसी सहयोग को और मजबूत व व्यापक बनाने पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, कृषि, सुरक्षा, फिनटेक, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में नयी संभावनाएं तलाशी गईं। मोदी ने कहा कि अफ्रीका में नाइजीरिया की बहुत बड़ी और सकारात्मक भूमिका है तथा अफ्रीका के साथ घनिष्ठ सहयोग भारत के लिए उच्च प्राथमिकता रहा है। उन्होंने कहा, भारत और नाइजीरिया, दोनों देशों तथा पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लोगों की समृद्धि के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे। हम करीबी समन्वय में काम करते हुए 'ग्लोबल साउथ' के हितों और प्राथमिकताओं को महत्व देंगे। मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के तहत नाइजीरिया के राष्ट्रपति टिनुबू के निमंत्रण पर नाइजीरिया में हैं। यह यात्रा 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री के रविवार को नाइजीरिया पहुंचने पर मंत्री न्येसोम एजेनवो वाइक ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अबुजा शहर की प्रतीकात्मक 'चाबी' भेंट की। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह 'चाबी' प्रधानमंत्री पर नाइजीरिया के लोगों के विश्वास और उनके प्रति सम्मान को प्रदर्शित करती है।'' मोदी जी–20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अबुजा से ब्राजील जाएंगे। इसके बाद वह गुयाना की यात्रा करेंगे।

## बांग्लादेश भारत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को स्वदेश भेजने की मांग करेगा

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को कहा कि उनका प्रशासन अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से वतन भेजने की मांग करेगा। बांग्लादेश में अगस्त में बड़े पैमाने पर विरोध–प्रदर्शनों के चलते सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना निर्वासन में हैं। अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर राष्ट्र के नाम संबोधन में यूनुस ने कहा कि अंतरिम सरकार हसीना सहित उन लोगों पर मुकदमा चलाएगी, जो छात्र–नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के दौरान सैकड़ों मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। हसीना के देश छोड़कर जाने के तीन दिन बाद यूनुस ने आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के प्रमुख का पदभार संभाला था। उन्होंने कहा कि न केवल प्रदर्शन में हुई मौतें, बल्कि हसीना के सत्ता में रहने के दौरान कथित तौर पर जबरन गायब किए गए लोगों सहित मानवाधिकारों के सभी अन्य उल्लंघनों की जांच की जाएगी।


# झांसी मेडिकल कॉलेज आग: बचाए गए एक नवजात ने उपचार के दौरान दम तोड़ा




**झांसी (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में आग लगने के दौरान बचाये गये बच्चों में एक बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गयी, जिससे मृत नवजातों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार रात करीब पौने 11 बजे महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। झांसी के जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया था कि हादसे में बचाये गये 38 नवजात बच्चों का उपचार किया जा रहा है। कुमार ने रविवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया, ''तीन नवजात की हालत गंभीर बताई गई थी जिनमें से एक नवजात की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत नवजात बच्चों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।'' हालांकि, जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बच्चे की मौत जलने की वजह से नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन बच्चों का उपचार किया जा रहा है उनमें से कोई भी जलने की वजह से जख्मी नहीं है। उन्होंने बताया कि ये वे बच्चे हैं जिन्हें अस्पताल के कर्मचारियों ने बचाया था। कुमार ने बताया कि एनआईसीयू में भर्ती बच्चों की हालत गंभीर है। जिलाधिकारी ने पत्रकारों को यह भी बताया कि उन्होंने रविवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और पीआईसीयू में भर्ती बच्चों का हालचाल जाना तथा उनके परिजनों से भी बात की। उन्होंने कहा, मैंने डॉक्टरों से बात की है और बच्चों की हालत स्थिर है। कुमार ने कहा, मृत 10 बच्चों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एक बच्चा हमारे पास था और एक परिवार बच्चे पर दावा कर रहा था। चूंकि कल सत्यापन नहीं हो सका था, इसलिए आज सत्यापन किया गया। सत्यापन के बाद बच्चे को दावा करने वाले परिवार को सौंप दिया गया। अब कोई बच्चा लापता नहीं है।

# भारत ने लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

### राजनाथ ने इसे 'ऐतिहासिक' बताया



**नयी दिल्ली :** भारत ने एक बड़ी सैन्य उपलब्धि हासिल करते हुए ओडिशा के तट से लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जिससे वह उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास अत्यधिक तेज गति से और हवाई रक्षा प्रणालियों से बचते हुए हमला करने की क्षमता वाला हथियार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के पहले लंबी दूरी के हाइपरसोनिक मिशन के तहत शनिवार को हुए मिसाइल परीक्षण को ''शानदार'' उपलब्धि और ''ऐतिहासिक क्षण'' बताया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित मिसाइल को 1,500 किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने में सक्षम बनाया गया है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत ने ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की मारक क्षमता वाली हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।'' उन्होंने कहा, ''यह एक ऐतिहासिक पल है और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि ने हमारे देश को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास ऐसी अहम और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकियां हैं।'' आम तौर पर, पारंपरिक आयुध या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हाइपरसोनिक मिसाइलें समुद्र तल पर प्रति घंटे ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक (तकरीबन 1,220 किलोमीटर या पांच मैक) गति से उड़ान भर सकती हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव महाभारत जैसा 'धर्मयुद्ध' : केजरीवाल

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के आगामी चुनाव की तुलना एक 'धर्मयुद्ध' से की और कहा कि यह महाभारत की तरह एक 'धर्मयुद्ध' है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगने साल फरवरी में होने की संभावना है। केजरीवाल ने चांदनी चौक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दैवीय शक्तियां आम आदमी पार्टी के पक्ष में हैं। उन्होंने दिल्ली नगर निगम महापौर चुनाव में पार्टी की जीत का हवाला दिया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, ''दिल्ली विधानसभा चुनाव एक 'धर्मयुद्ध' की तरह है। उनके पास कौरवों की तरह अपार धन और शक्ति है, लेकिन भगवान और लोग हमारे साथ हैं, जैसा कि पांडवों के साथ था। उन्होंने आप कार्यकर्ताओं से कहा कि वे चुनाव में खड़े होने वाले पार्टी उम्मीदवार की ओर न देखें। उन्होंने कहा, ''आपको ऐसे काम करना चाहिए जैसे मैं (दिल्ली में) सभी 70 सीट पर चुनाव लड़ रहा हूं।'' केजरीवाल ने कहा, ''मैं अपने किसी रिश्तेदार, परिचित या मित्र को टिकट नहीं दूंगा।''

## स्कूली शिक्षा केवल तभी फलदायी जब उसका उपयोग समाज के लिए हो : संघ प्रमुख भागवत



**पिथौरागढ़ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि स्कूली शिक्षा केवल उन लोगों के लिए ही फलदायी है जो उसका उपयोग करना जानते हैं और अगर कोई शिक्षा का इस्तेमाल करना नहीं जानता तो उसे उसका कोई खास लाभ नहीं है । भागवत ने कहा, अनेक महान व्यक्तियों के ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने स्कूल में शिक्षा हासिल न करने के बावजूद समाज को महत्वपूर्ण दिशा दिखाई । उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा के विद्या भारती मॉडल को बढ़ावा देना चाहिए जो न केवल उसे या उसके परिवार की बेहतरी के लिए बल्कि पूरे समाज की भलाई के लिए शिक्षा प्रदान करता है । संघ प्रमुख ने कहा कि संस्कार ही समाज को मजबूती देते हैं और समाज ही सर्वोपरि होता है। जिले के मुवानी में शेरसिंह कार्की सरस्वती विहार की इमारत का उद्घाटन करने के बाद संघ कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने जोर देकर कहा कि स्कूल और कॉलेजों में प्राप्त शिक्षा का उद्देश्य समाज की भलाई के लिए उसका उपयोग करना होना चाहिए । भागवत ने कहा कि दुनिया में कोई भी सरकार युवाओं को केवल 10 प्रतिशत नौकरियां ही दे सकती है जबकि बाकी लोगों के रोजगार या व्यवसाय समाज की मजबूती से ही पैदा होते हैं।

# कैलाश गहलोत ने आप छोड़ी, पार्टी ने 'ईडी, आयकर छापों' का हवाला दिया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका देते हुए वरिष्ठ नेता एवं परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को पार्टी छोड़ दी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं में पीछे छूट गई है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को भेजे अपने त्यागपत्र में गहलोत (50) ने कहा, ''लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय हम केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं।'' आप का महत्वपूर्ण चेहरा रहे गहलोत ने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए ''शीशमहल'' जैसे कुछ ''शर्मनाक'' विवादों का भी जिक्र करते हुए कहा कि इससे सभी को संदेह होता है कि क्या ''हम अब भी खुद को 'आम आदमी' मानते हैं।'' गहलोत ने 'शीशमहल' विवाद का जिक्र भाजपा नेताओं के उस आरोप की पृष्ठभूमि में किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि केजरीवाल ने '6 फ्लैगस्टाफ रोड' स्थित अपने पूर्व आधिकारिक आवास पर महंगी चीजों और आधुनिक सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। भाजपा ने केजरीवाल के आवास को ''शीशमहल'' कहा था। 'आप' नेताओं ने कहा कि गहलोत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों का सामना कर रहे हैं और उनके पास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा, ''कैलाश गहलोत पर कई बार ईडी, आयकर विभाग के छापे पड़ चुके हैं। वह पांच साल तक सरकार का हिस्सा थे और भाजपा लगातार उनके खिलाफ साजिश कर रही थी, उनके पास भाजपा के साथ जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था...वह अब वही दोहरा रहे हैं जो भाजपा कहती है। यह भाजपा की साजिश है।''

## कक्षा 10वीं, 12वीं के छात्रों को छोड़कर सभी के लिए प्रत्यक्ष कक्षाएं स्थगित रहेंगी: आतिशी



**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने रविवार को घोषणा की कि 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को छोड़कर अन्य सभी के लिए प्रत्यक्ष कक्षाएं स्थगित रहेंगी। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब लगातार पांचवें दिन भी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। यह घोषणा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के चौथे चरण के तहत दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए कड़े प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने के कुछ घंटों बाद की गई। जीआरएपी का चौथा चरण सोमवार सुबह आठ बजे से प्रभावी होगा। मुख्यमंत्री आतिशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कल से जीआरएपी–चार लागू होने के साथ ही कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को छोड़कर सभी छात्रों के लिए प्रत्यक्ष कक्षाएं स्थगित रहेंगी। सभी स्कूल अगले आदेश तक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित करेंगे।'' दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रविवार को 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली में एक्यूआई शाम चार बजे 441 दर्ज किया गया, जो प्रतिकूल मौसम के कारण शाम सात बजे तक बढ़कर 457 हो गया।

## संविधान के सार की रक्षा की जानी चाहिए: गडकरी

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को संविधान के मूल तत्व की रक्षा के महत्व पर जोर दिया और पिछले संशोधनों के लिए कांग्रेस की आलोचना की। अहिल्यानगर जिले के कर्जत जामखेड विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राम शिंदे के समर्थन में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने कांग्रेस पर आपातकाल के दौरान संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''हम किसी को भी डॉ. आंबेडकर के संविधान को बदलने की अनुमति नहीं देंगे। संविधान का सार लोकतंत्र, समाजवाद, निष्पक्षता एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों में निहित है। कोई भी इन विशेषताओं को कभी नहीं बदल सकता।'' उन्होंने ऐतिहासिक केशवानंद भारती मामले का हवाला देते हुए बताया कि उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि संविधान की मुख्य विशेषताओं को बदला नहीं जा सकता है और इस सिद्धांत को हमेशा बरकरार रखा जाएगा।




# मणिपुर में चार और विधायकों के घर जलाए गए, बीरेन के पैतृक घर पर हमला करने का प्रयास किया गया



**इंफाल :** मणिपुर में इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में गुस्साई भीड़ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन और विधायकों तथा कांग्रेस के एक विधायक के आवास को आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर भी धावा बोलने की कोशिश की, हालांकि पुलिस ने उन्हें रोक दिया। जिरीबाम जिले में तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में शनिवार को हिंसक प्रदर्शन किया, जिसके बाद से यहां अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। गुस्साई भीड़ ने शनिवार को राज्य के तीन मंत्रियों और छह विधायकों के आवासों पर भी हमला किया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने निंगथौखोंग में लोक निर्माण मंत्री गोविंददास कोंथौजम, लैंगमीडोंग बाजार में हियांगलाम से भाजपा विधायक वाई राधेश्याम, थौबल जिले में वांगजिंग टेंथा के भाजपा विधायक पाओनम ब्रोजेन और इंफाल पूर्वी जिले में खुंद्राक्पम के कांग्रेस विधायक लोकेश्वर के घरों में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि गुस्साई भीड़ ने विधायकों के आवासीय परिसरों पर धावा बोला, संपत्ति में तोड़फोड़ की और घरों में आग लगा दी। हालांकि, इस दौरान विधायक और उनके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद नहीं थे। अधिकारियों के अनुसार, इन घटनाओं में घर आंशिक रूप से जल गए। घरों के पूरी तरह जलने से पहले अग्निशमन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। प्रदर्शनकारियों ने शनिवार रात इंफाल पूर्वी क्षेत्र में लुवांगसांगबाम स्थित बीरेन सिंह के पैतृक निवास पर भी हमला करने की कोशिश की लेकिन सुरक्षाबलों ने उन्हें 100–200 मीटर पहले ही रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य के बलों सहित सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे, रबड़ की गोलियां चलाईं और सिंह के घर को नुकसान पहुंचाने की कोशिश को नाकाम कर दिया।

### अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की रविवार को समीक्षा की और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह ने महाराष्ट्र में अपनी चुनावी रैलियां रद्द करके लौटने के तुरंत बाद यह बैठक की। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के साथ मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और उन्हें शांति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि शाह आगे के कदमों पर सोमवार को शीर्ष अधिकारियों के साथ एक और विस्तृत बैठक करेंगे। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध–प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है। मणिपुर पिछले साल मई से ही जातीय संघर्ष से जूझ रहा है।

## सपने में भी न सोचा चार सौ पार होगा एक्यूआई

अभी भी चंडीगढ़ के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि शहर की फिजा में इतना ज़हर घुल चुका है कि एक्यूआई चार सौ का आंकड़ा पार कर गया। सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से विख्यात इस शहर को किसकी नज़र लगी, शहर के बाशिंदे अब तक समझ नहीं पा रहे हैं। लोग बताते नहीं थकते कि ऐसा मंजर उन्होंने जिंदगी में पहली बार देखा है। कभी लोग इस शहर की खूबसूरती और स्वास्थ्यवर्धक आबोहवा की कसमें खाया करते थे। पं. जवाहर लाल नेहरू के सपनों का शहर, जिसे तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो ने रात-दिन एक करके हकीकत बनाया। फिर फ्रांस के नामचीन वास्तुकार ली कार्बूजिए ने अपनी भारतीय टीम के साथ मिलकर उस सपने को साकार किया। भरपूर हरियाली और योजनाबद्ध तरीके से बने शहर में ऐसा कुछ नहीं दिखता जो भयावह प्रदूषण का सबब बने। विस्तृत सुखना झील, इसके पर्यावरण व सौंदर्य को निखारती है और आबोहवा को शुद्ध करती है। इस शहर को तीन प्रदेशों की राजधानी होने का दर्जा हासिल है। पंजाब व हरियाणा के साथ खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की भी राजधानी है। ऐसे में जब सिटी ब्यूटीफुल के लोगों ने अखबारों में चंडीगढ़ के एक्यूआई लेवल के चार सौ पार करने का समाचार पढ़ा तो उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। एक शहर जिसके सौंदर्य व आबोहवा की शान में पंजाबी गीतों में तमाम कसीदे पढ़े जाते थे, उसे यकायक ये क्या हो गया। शासन प्रशासन के लिये भी यह एक नई चुनौती थी। ऐसी स्थिति पहले कभी उसके सामने आई भी नहीं थी। नौकरशाह भी हतप्रभ थे कि किया क्या जाए। इस ज़हरीली फिजा में प्रत्यक्ष तौर पर शहर की भूमिका भी तो नहीं थी। यहां न तो ऐसी कोई इंडस्ट्री थी और न ही थर्मल प्लांट आदि, जिन पर तत्काल कार्रवाई होती। एक सुनियोजित-व्यवस्थित शहर व जागरूक नागरिक और साथ में सचेत तंत्र। वैसे आधुनिक सभ्यता की विसंगतियां तो जरूर थीं जो तापमान बढ़ाने में किसी हद तक भूमिका निभाती हैं।

बहरहाल, समय के साथ-साथ बहुत कुछ ऐसा बदला जरूर है जो इस शहर की आबोहवा में दखल देता है। कभी चंडीगढ़ को बाबुओं का शहर कहा जाता था। बदलते वक्त के साथ कारों का हुजूम जरूर यातायात और पार्किंग की समस्या खड़ी करता है। लेकिन उसकी एक्यूआई लेवल को चार सौ पार पहुंचाने में इतनी बड़ी भूमिका भी नहीं रही। वैसे तो आधुनिक जीवनशैली के चलते एसी, फ्रिज, कार और निकटवर्ती इलाकों में अंधाधुंध निर्माण कार्यों में तेजी ने हमारे पर्यावरण पर हर शहर की तरह असर तो डाला है। एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हमें जो भूमिका पर्यावरण संरक्षण हेतु निभानी चाहिए, वो हम नहीं निभाते हैं। यूं तो चंडीगढ़ का मूल स्वरूप बरकरार है। कुछ सेक्टर नये जुड़े हैं, लेकिन सुनियोजित तरीके से ही उनका विस्तार हुआ। चंडीगढ़ के निर्धारित स्वरूप के चलते इसके अधिक विस्तार की गुंजाइश भी नहीं है, लेकिन इसके चारों ओर तमाम छोटे-बड़े शहरों का विस्तार हुआ है। घनी आबादी कहीं न कहीं चंडीगढ़ पर दबाव जरूर बनाती है। लेकिन यह स्थिति उतनी विकट नहीं है कि शहर का एक्यूआई लेवल चार सौ पार करे। कह सकते हैं कि इसके आसपास के राज्यों में जलती पराली की इसमें किसी सीमा तक भूमिका होगी। पड़ोसी पाकिस्तान के लाहौर में एक्यूआई लेवल की जो भयावह स्थिति है उसका असर अमृतसर से चंडीगढ़ तक कितना पड़ा, इसके लिये वैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत है। मौसम वैज्ञानिक कह रहे हैं कि पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानों में अचानक तापमान गिरने से हवा में नमी बढ़ी है। हवा की गति धीमी होने से प्रदूषक कण आगे नहीं बढ़ रहे हैं। जिससे प्रदूषण की समस्या विकट हो रही है। हालांकि, धीरे-धीरे स्थिति सुधर रही है, मगर हर कोई चाह रहा है कि मौला बारिश दे, ताकि इस प्रदूषण से छुटकारा मिले। चंडीगढ़ के लोगों को घटनाक्रम सबक दे गया कि घर की सफाई के साथ-साथ आस-पड़ोस भी साफ-सुथरा होना चाहिए। यह भी कि कुदरत किसी भी ज्यादती का प्रतिकार करती है। हमें इसके साथ साम्य बनाकर जीवनयापन करना चाहिए। यही आने वाली पीढ़ी के लिये भी सबक है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 नवम्बर, सोमवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष तृतीया, 19:02 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 15:52 तक, योग : सिद्ध, 17:19 तक, सूर्योदय: 5:52, सूर्यास्त: 16:52 चन्द्रोदय : 19:05, चन्द्रास्त: 08:21, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 07:16 से 08:38

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप अपने कामों में व्यस्त रहने के कारण पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान थोड़ा काम देंगे। आपको किसी बात को लेकर टेंशन हो सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घर की सुख-सुविधाओं के खरीदारी पर आप अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही इन्वेस्टमेंट करें। कार्यक्षेत्र में किसी से बेवजह न उलझें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए कार्य क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी मेहनत खूब रहेगी। भविष्य को लेकर आप निर्णय ले सकते हैं। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाकर चलने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके उन्हें बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक के लाभ दिलाने वाला रहेगा। भाई व बहनों में खूब पटेगी। सुख-सुविधाओं की खरीदारी पर आप अच्छा खासा धन लगाएंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फल दायक रहने वाला है। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर ध्यान देना होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपका यदि कोई काम लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी पूरा होगा। आपको बेफिजूल के खर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए किसी पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों का मार्गदर्शन आपके खूब काम आएगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो आपको उस धन के मिलने की संभावना भी बहुत कम है।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए रहेगा। आपका कोई बड़ा लक्ष्य पूरा होगा। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

# ट्रम्प की विजय और भारत



सुरेश हिंदुस्तानी

अमेरिका में रिपब्लिकल पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद अब यह तय हो गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनेंगे। अमेरिका का इतिहास बताता है कि ट्रम्प की यह जीत उनकी ऐतिहासिक वापसी है। अमेरिका में यह विजय किसी चमत्कार से कम नहीं है। 130 वर्ष के अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार है, ज़ब किसी ने यह कारनामा किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा, जिसमें पहली और तीसरी बार वे सफल रहे, दूसरी बार के चुनाव में जो बाइडेन से पराजित हो गए। इस चुनाव में पराजित होने के बाद ट्रम्प अमेरिका में राजनीतिक तौर पर लगातार सक्रिय रहे। उनका मिशन फिर से राष्ट्रपति बनना ही था, जिसे उन्होंने बखूबी अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान बना दिया। चुनाव में उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस यकीनन राजनीतिक समझ रखती थी, लेकिन यह समझ किसी भी प्रकार से सफलता की परिचायक नहीं बन सकी। हालांकि अमेरिकी मीडिया के एक वर्ग ने तो उनको भावी राष्ट्रपति के रूप में प्रचारित कर दिया। लेकिन यह नैरेटिव भी उनके लिए जीत का मार्ग नहीं बना सका। यहां एक ख़ास तथ्य यह भी माना जा सकता है कि कमला हैरिस को भारतीय मूल का बताने का सुनियोजित प्रयास किया गया। ऐसा इसलिए किया गया कि भारतीय मूल के मतदाताओं को उनके पक्ष में लाया जा सके, लेकिन वे जिन हाथों में खेल रही थी, वह लाइन भारत के लिए राजनीतिक तौर सही नहीं थी।



वैश्विक राजनीति के जानकार डोनाल्ड ट्रम्प की जीत कई निहितार्थ निकाल रहे हैं। कई विश्लेषक ट्रम्प की जीत को भारत की कूटनीतिक सफलता के तौर पर भी स्वीकार कर रहे हैं। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत सरकार जिस नीति और विचार को लेकर कार्य कर रही है, उसकी झलक ट्रम्प के विचारों में भी दिखाई देती है। इसके अलावा ट्रम्प का कहना है कि अमेरिका की खोई ताकत को फिर से प्राप्त करना चाहते हैं। आज अमेरिका कहने मात्र को ही महाशक्ति है, लेकिन उसका वैसा दबदबा आज नहीं है, जो पहले हुआ करता था। इस बीच भारत ने महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्र गति से अपने कदम बढ़ाए हैं, इसलिए आज विश्व के अनेक देश भारत को महाशक्ति के रूप में देखने लगे हैं। हमें स्मरण होगा कि रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध के दौरान भारत के नागरिक पूरे सम्मान के साथ भारत लौटे थे। उस समय भारत के नागरिकों के समक्ष यूक्रेन की सेना ने अपने हथियार नीचे कर लिए थे। यह केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि भारत की शक्ति का ही परिचायक था। भारत की इस बढ़ती शक्ति से अमेरिका भी भली भांति परिचित है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बारे में कई बार यह कहा जा चुका है कि भारत चाहे तो युद्ध रुकवा सकता है। इसका तात्पर्य यही है कि आज का भारत विश्व के लिए एक ताकत बन चुका है।

अमेरिका के इस चुनाव में भारत के लोकसभा चुनाव की तरह ही प्रचार किया गया। कई प्रकार के नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास किए गए। वामपंथी विचार के मीडिया ने ट्रम्प की राह में अवरोध पैदा करने के भरसक प्रयास किए। यहां तक कि उनको सनकी और विलेन कहने में भी गुरेज नहीं किया गया। यही तो भारत में किया गया। वामपंथी समूह ने भारत के लोकसभा चुनावों में सरकार के विरोध में जहरीली भाषा का प्रयोग किया। फिर भी आख़िरकार नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो गए। अब ऐसा लगने लगा है कि मतदाता बहुत समझदार हो गया है। उसको किसी भी प्रकार से भ्रमित नहीं किया जा सकता। उसे अब देश दुनिया की समझ हो गई है, इसलिए वह वर्तमान के साथ कदम मिलाकर चलने की ओर अग्रसर हुआ है।

विश्व के कई देश आज कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। कोरोना के बाद कई देशों की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है, उसे पटरी पर लाने के लिए उस देश की सरकार की ओर से भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। इन समस्याओं में कई समस्याएं ऐसी हैं, जो सबके सामने हैं। आतंकवाद एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। अमेरिका भी इससे ग्रसित है। रूस और यूक्रेन की बीच तनातनी कम नहीं हो रही। इजराइल और हमास के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। अमेरिका में ट्रम्प के पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद यह लग रहा है कि अब आतंक के सहारे भय का वातावरण बनाने वाले किसी भी कदम को पूरे जोश के साथ रोकने का प्रयास किया जाएगा।

अमेरिका में ट्रम्प की जीत से भारत के पड़ोसी देश यानि पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश में सुगबुगाहट प्रारम्भ हो गई है, क्योंकि यह देश भारत को हमेशा अस्थिर करने की फिराक में रहते हैं। हम वह वाकिया अभी तक भूले नहीं हैं, ज़ब अमेरिका ने आतंक के विरोध में बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए ओसामा बिन लादेन को मौत के घाट उतार दिया था, हालांकि उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति ओबामा थे, लेकिन आतंक के विरोध में ट्रम्प का भी वैसा ही रवैया माना जा सकता है। इसी प्रकार चीन के समक्ष भी स्थिति पैदा होती दिखाई दे रही है। हम जानते हैं कि अमेरिका हमेशा से ही पाकिस्तान से आतंक के विरोध में कार्यवाही करने के लिए कहता है, लेकिन जो देश आतंक के आकाओं के सहारे ही चल रहा हो, वह आतंक के विरोध में कैसे कार्यवाही कर सकता है। अब अमेरिका में ट्रम्प के पुनः आने के बाद इस बात की संभावना बढ़ गई है कि अब पाकिस्तान दिखावे के लिए ही सही, लेकिन आतंक के आकाओं के खिलाफ एक्शन लेगा।

# सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करने की दरकार



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

गोल्डमैन सैक्स की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरुरी भी हो जाती है। रिपोर्ट में जीवीए यानी कि ग्रास वेल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हांलाकि जिस तरह से देश की इकोनोमी उछालें भर रही है उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है। दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनोमी बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हो, आर्थिक गतिविधियां बढ़े, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़े। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा हांलाकि जिस दिषा में देश की आर्थिक नीति ले जा रही है उसमें मामूली सा बदलाव ही करना होगा। विकास के केन्द्र को विकेन्द्रित करना होगा। बड़े शहरों की और पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा।

यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई-मैन्यूफेक्चरिंग-विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं। देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है। कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही है तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचें का विकास हो रहा है उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। अटल बिहारी वाजपेई सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाईवे, एक्सप्रेस हाईवे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। इसमें कोई दो राय नहीं कि रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों-कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बैंगलोर को आईटी का केन्द्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोयेडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केन्द्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बड़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसें में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल केपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रुप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। आज भी कपड़ा, जूते, खिलौने, खाद्य सामग्री और इसी तरह के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार ध्यान भी दे रही है तो दूसरी और विकास और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं।

वैसे देखा जाए तो पिछले बीस सालों में 19 करोड़ 60 लाख नए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। इसमें भी गत एक दशक में अधिक तेजी आई हैं। कोरोना के बाद से परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है तो वैश्विक सिनेरियों भी भारत के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है। दुनिया के देश खास तौर से रुस-यूक्रेन, इजराइल-

हमास-ईरान आदि आपस में जूझ रहे हैं तो योरोपीय देश, अमेरिका आदि अपनी अपनी समस्याओं से जूझ रहे है। ऐसे में भारत के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर सामने आ रहे हैं। फिर देश का राजनीतिक नेतृत्व भी जिस तरह से दुनिया के देशों पर डोमिनेट होकर के उभरा है उसके भी सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सख्त फैसले लेने वाली सरकार आज की आवश्यकता है और अमेरिका के हालिया चुनाव नतीजे इसे साफ करते हैं। एक सकारात्मकता यह भी है कि देश में आज युवा पीढ़ी का वर्चस्व है और ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और बढ़ना दोनों ही सहज हो जाता है। सरकार को इस तरह की नीतियां बनानी होगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेन्द्रीत विस्तार हो और रोजगार परक गतिविधियां आसान हो, बाजार के हालात अच्छे होने के साथ ही निर्यात को और अधिक आसान बनाया जाए। ऐसे में विकास या आर्थिक गतिविधियां केन्द्रीकृत ना होकर के विकेन्द्रीत होगी और स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के अवसर व कौशल विकास संभव हो पाएगा। आज के हालात में गौल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट इसलिए चिंतनीय नहीं होनी चाहिए कि देश में सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना कोई चुनौतीपूर्ण काम नहीं होगा केवल सोच व क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

# यातायात नियमों का ज्ञान : बचाएं सड़क दुर्घटनाओं से जान



बाल मुकुन्द ओझा

यातायात पीड़ित वो लोग होते हैं जो कि हर साल सड़क हादसे में मारे जाते हैं और इनमे 5 साल से लेकर 30 वर्ष की आयु सीमा के लोग सबसे ज्यादा यातायात पीड़ित का शिकार बनते हैं। कई बार लोग अपनी गलती से जान गवाते है और कई बार लोग दूसरे की गलती से जान गवाते है। सड़क यातायात पीड़ितों के लिए विश्व स्मरण दिवस पर हर साल आकड़े देखे जाते हैं कि पहले के मुकाबले इस साल कितने लोग सड़क हादसे के शिकार बने है। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पीड़ितों को सहानुभूति प्रदान की जाती है साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके जिसके परिणामस्वरूप जीवन बचाने की कार्यवाई को बढ़ावा दिया जा सके।

सड़क पर वाहन चलाते समय हमारी गलतियों के कारण जहां हम खुद जोखिम मोल लेते है वहां निर्दोष लोगों को भी अपना शिकार बनाते है। सड़क पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चोट या मृत्यु का खतरा होता है। विशेषकर पैदल यात्री, मोटर यात्री, साइकिल चालक, यात्री आदि। बच्चे से बुजुर्ग तक हर किसी को सड़क यातायात नियमों के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए, तभी हम सड़क दुर्घटनाओं से खुद को सुरक्षित रख पाएंगे।सड़क सुरक्षा, सुरक्षित ड्राइविंग के निर्देश और विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करता है। यह दिवस सड़क दुर्घटनाओं के मामले में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं और पीड़ितों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध न्यायिक कानूनों के बारे में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है तथा सड़क दुर्घटना के समय 'अच्छे मददगार व्यक्ति को पीड़ित की मदद करने पर सम्मानित भी किया जाता हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले साल वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान प्रस्तुत एक रिपोर्ट अनुसार वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में प्रति वर्ष 1.35 मिलियन से अधिक मौतें होती हैं और 50 मिलियन से अधिक लोगों को गंभीर शारीरिक चोटें आती हैं। सड़क हादसे भारत जैसे विकासशील देश के लिए चुनौती बने हुए हैं। भारत सरकार ने सड़क हादसों में 50 प्रतिशत मौतों में कमी का लक्ष्य निर्धारित किया था मगर इसके उलट मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही रहा है। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों की संख्या में लोग अपनी जान गवां देते हैं। साल 2023 में सड़क हादसों में 1.73 लाख से ज्यादा मौतें हुईं यानि हर दिन औसतन 474 मौतें हुईं और हर तीन मिनट में एक जान गई। पिछले साल सड़क हादसों में करीब 4.63 लाख लोग घायल हुए थे। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत में दुनिया के केवल एक फीसदी वाहन हैं इसके बावजूद पूरे विश्व में होने वाले हादसों का 11 फीसदी देश में ही घटित होते हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 18-45 आयु वर्ग के लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर सर्वाधिक 69 प्रतिशत है। इसके अलावा 54 प्रतिशत मौतें और गंभीर चोटें मुख्य रूप से संवेदनशील वगरे जैसे पैदल यात्री, साइकिल चालक और दोपहिया वाहन सवार आदि में देखी जाती हैं। भारत में 5-29 वर्ष आयु-वर्ग के बच्चों और युवा वयस्कों में सड़क दुर्घटना मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है।

एक अधिकृत जानकारी के मुताबिक देश भर में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से 76 प्रतिशत दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग और गलत साइड पर गाड़ी चलाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण होती हैं। कुल सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहनों और पैदल चलने वालों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। सड़क सुरक्षा को लेकर हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के प्रति हमें जागरूक रहना चाहिए। मीडिया सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर समाज का मानस और व्यवहार बदलने के प्रयास करना होगा। सड़क दुर्घटनाएं ज्यादातर हमारी गलती से होती हैं। अगर हम नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं। वाहन चलाने को लेकर लापरवाह और अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए। सीट बेल्ट और हेलमेट आपको गंभीर चोट से बचाते हैं।

सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है, आम जनता में खासतौर से नये आयु वर्ग के लोगों में अधिक जागरुकता लाने के लिये इसे शिक्षा, सामाजिक जागरुकता आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ा जाना नितांत आवश्यक है। सड़क दुर्घटना, चोट और मृत्यु आज के दिनों में बहुत आम हो चला है। सड़क पर ऐसी दुर्घटनाओं की मुख्य वजह लोगों द्वारा सड़क यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी है। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, सड़क सुरक्षा नियमों और उपायों में कमी, तेज गति, नशे में गाड़ी चलाने आदि । जान लेवा सड़क हादसों को रोकने के लिए जरूरी है कि सड़कों की स्थिति अच्छी हो, जन कल्याणकारी सरकार का यह दायित्व है कि वह उच्च गुणवत्ता युक्त सड़कों का निर्माण करें और क्षत-विक्षत सड़कों को दुरस्त करें ताकि वाहन किसी दुर्घटना का शिकार नहीं होवे।

-वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 2919

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | 11 | ■ | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ | ■ | | ■ |
| 20 | | | ■ | ■ | 21 | 22 | 23 | | 24 |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | 28 | | ■ | |
| | ■ | 29 | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |
| 32 | | | | | ■ | 33 | | | |

⊃ बायें से दायें:- 1) महत्त्वाकांक्षा; लालसा, 3) तेल में नमक-मिर्च के साथ तली हुई दाल, 6) शिथिलता, 8) गरदन, 10) नवयौवन, 12) राय; नहीं, 14) जुगत; शोबदा; बनावटी कोमल चेष्टा और बातचीत, 15) श्रेष्ठ, 17) विधवा, 18) जैसे ही; जिस समय, 20) प्रथा, 21) बुद्धिमान, 25) प्रतिबंध, 26) सब एकसाथ, 28) बाज़ार, 30) तक; पर्यंत, 31) इटली की राजधानी, 32) लाड़प्यार, 33) सामंजस्यहीन.

⊃ ऊपर से नीचे:- 1) स्वर्ण जयंती; पचास, 2) नकबेसर, 3) भोज, 4) जुल्फ़, 5) लुटेरा; बटमार, 7) आजीविका; कामधंदा, 9) सौंदर्य, 11) शक्तिवान, 13) नोक, 16) धूल, 17) चकले पर लोई रखकर पतला करना, 19) केवल; सत्ताकेंद्र, 20) चमकदार, 22) जैसे- वाल्मीकि, 23) तुरंत, 24) दया, 27) अंदर, 29) चिन्ह; नुक़्ता; बिंदी, 31) देहविकार; मर्ज़.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | ■ | आ | म | ■ | घु | मं | तू | ■ | अ |
| हा | ■ | ज | म | घा | ट | ■ | र | क्ष | क |
| व | र्ण | ■ | ■ | प | ना | मा | ■ | ■ | स्मा |
| सा | ■ | ने | व | ला | ■ | मू | ल | भू | त |
| न | म | क | ■ | ■ | क | ली | ■ | त | ■ |
| ■ | न | ■ | अ | स | र | ■ | स | हा | रा |
| स | मा | धा | न | ■ | ध | र | ना | ■ | ज |
| ध | नी | ■ | मो | र | नी | ■ | त | ड़ | का |
| वा | ■ | गु | ल | त | ■ | धु | न | ■ | ज |

## सुडोकू-पहेली-2879

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 5 | | | | 1 | 6 |
| | 7 | 8 | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | 8 | | |
| 5 | | | 6 | | | | | |
| | | | | | 1 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | 5 | |
| | | | | 8 | | 2 | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2878 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 |

# चार महीने पहले ही तृणमूल पार्षद की हत्या का ब्लूप्रिंट हुआ था तैयार

**❑ हमलावरों ने पहले भी दो बार की थी हत्या की कोशिश**
**❑ बिहार के रहने वाले इमरान को 10 लाख रुपये में दी गई थी हत्या की सुपारी**
**❑ बिहार के मुंगेर से मंगाए गए थे शूटर, मास्टरमाइंड इकबाल ने पूछताछ में किया खुलासा**
**❑ इकबाल को 13 दिनों की पुलिस हिरासत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नगर निगम के वार्ड 108 से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के पार्षद सुशांत घोष की हत्या की कोशिश मामले की जांच



में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित (मास्टरमाइंड) मोहम्मद इकबाल उर्फ गुलजार से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि चार महीने पहले ही तृणमूल पार्षद की हत्या का ब्लूप्रिंट तैयार हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इकबाल ने बिहार के रहने वाले इमरान को 10 लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। इसके बाद, बिहार के मुंगेर से शूटरों को बुलाकर पहले भी दो बार पार्षद की हत्या की कोशिश हुई थी। इकबाल ने खुलासा किया है कि सुशांत घोष हमेशा भीड़ में रहता था, इसलिए पहले दो बार कोशिशें नाकाम हो गई थी। इसके बाद, शुक्रवार की शाम तीसरी बार पार्षद पर हमले की कोशिश हुई थी। इकबाल ने पूछताछ में दावा किया है कि उसी वार्ड अंतर्गत गुलशन कॉलोनी में 2012 में उसने 2,000 स्क्वायर फीट की एक गोदाम सह दुकान खरीदी थी, जिसपर पार्षद के करीबी ने जबरन कब्जा कर लिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इसी का बदला लेने के लिए उसने पार्षद की हत्या की साजिश रची थी। रविवार को कोर्ट में पेशी के बाद पुलिस वाहन में बैठते समय पत्रकारों के सवाल पर इकबाल ने कहा कि तृणमूल पार्षद गुंडा है। उसने दावा किया कि पार्षद के करीबी हैदर अली ने उसकी गोदाम पर कब्जा कर रखा है। उसने इसके खिलाफ पार्षद से लेकर कई जगह शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने कोर्ट में दावा किया कि इकबाल ही घटना का मास्टरमाइंड है। उसने ही हत्या की साजिश रची थी। उसने बिहार के शूटरों से संपर्क कर हत्या की सुपारी दी थी। साथ ही, पुलिस ने कहा कि हत्या के प्रयास मामले में कई अन्य लोग भी शामिल हैं। जिसकी जांच की जा रही है। अदालत ने इकबाल को 13 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि जरूरत पड़ने पर जांचकर्ता जांच के लिए बिहार भी जा सकते हैं। पुलिस के अनुसार, पार्षद को मारने के लिए पिस्तौल का इंतजाम इकबाल ने ही किया था, जो बिहार के मुंगेर से लाया गया था।

**❑ हैदरी अली और पार्षद ने मुख्य आरोपित के दावे को खारिज किया**

दूसरी ओर, पार्षद सुशांत घोष और उसके करीबी हैदर अली ने गोदाम पर कब्जे के इकबाल के आरोपों को खारिज किया है। पार्षद ने कहा कि इकबाल एक क्रिमिनल और घटना में आरोपित है। इसलिए हम उसकी बात का कोई जवाब नहीं दे सकते। मैं उसे जानता भी नहीं हूं।

## कृष्णानगर में सिविक वॉलंटियर का फंदे से लटकता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर में रविवार की सुबह आम के बगीचे से एक सिविक वॉलंटियर का फंदे से लटकता शव बरामद किया गया। इलाके के पूर्व तृणमूल प्रमुख असित विश्वास पर सिविक वॉलंटियर को धमकाने का आरोप लगा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृत वॉलंटियर का नाम माधव सरदार (38) है। वह कोतवाली थाना क्षेत्र के उसिदपुर का निवासी है एवं कोतवाली थाने में कार्यरत था। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। परिवार का आरोप है कि इलाके के पूर्व तृणमूल प्रमुख असित विश्वास ने धमकियों के कारण आत्महत्या कर ली। कोतवाली थाने की पुलिस ने शव को बरामद कर शक्तिनगर जिला अस्पताल भेज दिया। परिवार के मुताबिक, स्थानीय तृणमूल नेता और पूर्व पंचायत प्रमुख असित ने माधव को धमकी दी थी। तभी से वह मानसिक अवसाद से जूझ रहा था। उसी की वजह से उसने आत्महत्या की है। लेकिन उन्होंने धमकी में क्या कहा यह स्पष्ट नहीं है, न ही धमकी देने का कारण स्पष्ट है। मृतक की पत्नी पुष्पारानी सरदार ने कहा कि पूर्व प्रधान असित ने धमकी दी थी जिसके बारे में माधव ने घर पर बताया था। इसी डर से उसने आत्महत्या कर ली। सुबह करीब 5.30 बजे उनका शव पास के आम बागान में मिला। मृतक वॉलंटियर की पत्नी ने दावा किया कि परिवार को असित के साथ माधव की समस्या के बारे में कुछ भी नहीं पता है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## 'बंटोगे तो कटोगे' मुद्दे पर देश में आगे भी होंगे चुनाव : शुभेंदु अधिकारी

**मुंबई/कोलकाता :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रचार में 'बंटोगे तो कटोगे' नारे की गूंज सुनाई दे रही है। इस नारे को लेकर अब पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को कहा कि यह नारा उपयुक्त है, क्योंकि जो हिंदुस्तानी राष्ट्रभक्त है, उसको एक होना चाहिए। हरियाणा में आप सभी ने देखा कि राष्ट्रभक्त जनता ने कैसे एग्जिट पोल को फेल कर दिया। देश में आगे जितने भी चुनाव होंगे, वो इसी नारे पर होंगे। मौलवियों द्वारा महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के समर्थन में वोट की अपील पर बात करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि



मौलवियों को मालूम है कि उन्हें क्या करना है। वह चार साल, ग्यारह महीने अपने अधिकार के बल पर विकास का सब लाभ लेते हैं। चाहे वह शौचालय हो, आवास हो या फिर पीएम किसान सम्मान निधि या वैक्सीन हो, वह इन चीजों को पहले ले लेते हैं, मगर जब चुनाव आता है, तो बीजेपी को हिंदुत्ववादी दल बताते हैं। इसके बाद, भाजपा को रोकने के लिए हैदराबाद में ओवैसी को वोट करेंगे। सिकंदराबाद और केरल में कांग्रेस को वोट करेंगे और तमिलनाडु में डीएमके को वोट करेंगे। यहां भी इनका एक ही एजेंडा है मोदी को रोको, इसलिए सभी लोगों ने योगी जी के नारे को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र करते हुए कहा कि यह देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। बंगाल में 72 जगह ऐसी है, जहां बॉर्डर पर कोई फेंसिंग नहीं है। दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती के दौरान पत्थरबाजी होती है। यही नहीं, इंदौर में सेक्स रैकेट का आरोपी अब्दुल मन्नान भी बांग्लादेशी है।

## लॉटरी घोटाला : बिना बिके टिकटों पर निकाले जाते थे लकी ड्रा, ईडी का सनसनीखेज दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी के अधिकारी बंगाल में लॉटरी टिकटों के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी और मनी लांड्रिंग मामले की तीन विशेष कोणों से जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पहला कोण यह है कि जांच के दायरे में आने वाली लॉटरी इकाई आम लोगों के साथ कैसे जालसाजी कर रही थी, जिसमें बिक चुके टिकटों पर नहीं बल्कि बिना बिके टिकटों पर लकी ड्रा निकाले जाते थे। इसके बाद, कई माध्यमों से विज्ञापनों के जरिए फर्जी विजेताओं को पेश किया जाता था, ताकि लोग टिकट खरीद सकें। लोग अक्सर ऐसे विज्ञापनों के झांसे में आ जाते थे और बिना इस बात से अनजान टिकट खरीद




लेते थे कि उनके द्वारा खरीदे गए टिकटों पर लकी ड्रा निकाला जाएगा। इस प्रक्रिया में यह विशेष इकाई और इसके एजेंट मुख्य रूप से कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को निशाना बनाते थे, जिनके पास किसी भी तरह की औपचारिक शिक्षा नहीं थी। दूसरा पहलू यह है कि लॉटरी इकाई द्वारा घोषित फर्जी विजेता को भी केवल एक छोटा सा हिस्सा आम तौर पर जीतने वाली राशि का पांच प्रतिशत मिला और शेष राशि संबंधित लॉटरी इकाई के प्रबंधन द्वारा रख ली गई, जो मनी लांड्रिंग के विशिष्ट मामले के अंतर्गत आता है। तीसरा पहलू संबंधित क्षेत्र हैं जहां उक्त लॉटरी इकाई ने देश के साथ-साथ विदेश में भी अपनी आय का निवेश किया। पता चला है कि जून 2019 में पहली बार दक्षिण कोलकाता के एक पुलिस स्टेशन में उक्त लॉटरी इकाई के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत यह थी कि बिना बिके टिकटों पर लकी ड्रा निकाले गए थे। उस समय नगर पुलिस ने जांच शुरू की। कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया और कुछ बैंक खाते भी फ्रीज किए गए। हालांकि, जांच अंततः तार्किक निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ईडी अधिकारियों ने कोलकाता और उसके आसपास के कुछ स्थानों पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें कोलकाता के सटे एक लॉटरी-प्रिंटिंग प्रेस भी शामिल था। इस संबंध में, ईडी अधिकारियों ने दक्षिण कोलकाता के लेक मार्केट में उक्त लॉटरी इकाई के एक एजेंट के आवास-सह-कार्यालय से तीन करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी भी जब्त की।

### मां फ्लाईओवर पर फिर हादसा, बाइक सवार की कटी नाक

**कोलकाता, समाज्ञा :** मां फ्लाईओवर पर रविवार की दोपहर चाइना मांझा से एक बाइक सवार घायल हो गया, जो मोटरसाइकिल की पिछली सीट पर भी बैठा था, उसे तो कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मोटरसाइकिल चला रहा व्यक्ति घायल हो गरा। बाइक सवार की दोनों आंखों के बीच, नाक पर चोट लगी। उसकी आंख का किनारा भी कट गया था। घायल व्यक्ति ने बताया कि वह मां फ्लाईओवर से एसएसकेएम अस्प-ताल की ओर से न्यूटाउन के लिए प्रस्थान किया था। लेकिन बीच में चाइना मांझा से गंभीर रूप से घायल हो गरा।

**AFFIDAVIT**

I, MOFIJUR RAHAMAN, S/o MOLLA BADRE ALAM, residing at Khaspur, P.O.-Pakurhans, P.S.-Ketugram, Dist.- Purba Bardhaman, West Bengal, Pin-731301, do hereby Solemnly affirmed and declare on oath that my father actual name is MOLLA BADRE ALAM and corrected date of birth is 01/02/1965 which worngly entered as MOLLLA MAHUBA BEGUM and D.O.B is 01/01/1968. That I request to enter the correct date of birth of my mentioned above i.e. 01/02/1965 and name MOLLA BADRE ALAM vide an affidavit No. 19985, before The Notary Public, Katwa Court, Katwa, Puba Bardhaman on 29.08.2024.

## भीषण सड़क हादसे में एक कार ट्रेलर से जा टकरायी

### चालक सहित दो बच्चों की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के शिवपुर थानांतर्गत फोरशोर रोड पर तेज गति से आ रही एक कार सड़क किनारे खड़ी एक ट्रेलर से जा टकरायी। इस भयावह सड़क हादसे में चालक सहित दो बच्चों की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मृत चालक का नाम मुश्ताक खान (25) है। जबकि मारे गए दो बच्चों की उम्र 11 और 12 वर्ष के करीब बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मुश्ताक खान कोलकाता के वाटगंज का रहने वाला था। डोमजूर के बांकड़ा में उसके परिजन रहते हैं। शनिवार को मुश्ताक अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ एक पूजा समारोह के लिए बांकड़ा आया था। बताया जा रहा है कि रात को करीब 12.30 बजे वापस वाटगंज के लिए लौट रहा था। इसी दौरान फोरशोर रोड पर कार अनियंत्रित होकर सामने खड़ी एक ट्रेलर से जाकर टकरा गयी। यह टक्कर इतनी जोरदार था कि कार कि सामने का हिस्सा ट्रेलर के अंदर घुस गया।

बताया जा रहा है कि उस कार पर दक्षिण 24 परगना के मगराहाट पश्चिम से विधायक गयासुद्दीन मोल्ला के नाम का नेम प्लेट लगा हुआ था। हालांकि, विधायक का कहना है कि यह गाड़ी उनकी नहीं है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस




ने राहत व बचाव कार्य शुरू हुआ। कार में फंसे पांच लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रविवार को तीसरे की मौत हो गई। अन्य दोनों घायलों को कोलकाता के अस्प-ताल में रेफर किया गया है। इस मामले की जांच जारी है।

## टैब घोटाले को गैर शिक्षण कर्मचारियों की कमी को भी कारक मान रहे हैं शिक्षक

### कई लोग सरकारी पोर्टल की विसंगतियों पर भी उठा रहे हैं उंगली

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षकों का एक वर्ग टैब के फंड में गड़बड़ी के लिए स्कूलों में गैर शिक्षण कर्मचारियों की कमी को भी कारक मान रहे हैं। शिक्षक खाली पड़े ग्रुप सी या ग्रुप डी पदों पर उंगली उठा रहे हैं। कई लोग सरकारी पोर्टल की विसंगतियों पर भी उंगली उठा रहे हैं जिसके माध्यम से छात्रों को टैब के लिए नामांकित किया जाता है। शिक्षा विभाग के सूत्रों का दावा है कि जब शिक्षक बांग्ला शिक्षा पोर्टल पर छात्रों के खाता नंबर अपलोड करते हैं, तो इसे पूरा करने के बाद उन्हें जानकारी डाउनलोड करनी होती है और प्रिंट आउट के साथ इसकी तुलना करनी



होती है। लेकिन कई मामलों में ऐसा नहीं किया जा रहा है। कूचबिहार के एक स्कूल में ऐसा ही हुआ। शिक्षकों का दावा है कि कई स्कूलों में गैर-शिक्षण कर्मचारियों की कमी शिक्षकों पर दबाव का एक बड़ा कारण है। एबीटीए के जिला सचिव विपुल मैत्रा ने कहा कि स्थायी क्लर्कों की कमी और अनुभव की कमी के कारण स्कूल पोर्टल पर जानकारी विकृत हो रही है, लेकिन वह पोर्टल विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी खुला है। इसलिए यह निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता कि वहां से गड़बड़ी नहीं हो रही है। विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक 2016 के बाद अधिसूचना के माध्यम से ग्रुप सी पदों पर नियुक्तियां नहीं की गईं, लेकिन अगर सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उसकी पत्नी, बेटे या बेटी या कानूनी उत्तराधिकारियों को ग्रुप सी या ग्रुप डी के रूप में नियुक्त किया जाता था। डी के पिछले तीन वर्षों में 105 पदों पर नियुक्ति हुई है।

**AFFIDAVIT**

I, MOFIJUR RAHAMAN, S/o MOLLA BADRE ALAM, residing at Khaspur, P.O.-Pakurhans, P.S.-Ketugram, Dist.- Purba Bardhaman, West Bengal, Pin-731301, do hereby Solemnly affirmed and declare on oath that my mother actual name is MEHEBUBA BEGUM and corrected date of birth is 04/01/1975 which worngly entered as MOLLA MAHUBA BEGUM and D.O.B is 01/01/1973. That I request to enter the correct date of birth of my mentioned above i.e. 04/10/1975 and name MEHEBUBA BEGAM vide an affidavit No. 19984, before The Notary Public, Katwa Court, Katwa, Puba Bardhaman on 29.08.2024.

**Name Change**

I, DINESH PRASAD CHOURASIA AND DINESH PRASAD CHORSHIA AND DINESH PRASAD CHOURASIYA(OLD NAME) SON OF LATE GANGA PRASAD CHOURASIYA,RESIDING AT SHARDA NAGAR BATRAHA VILL & PO -SAHARSA,DIST-SAHARSA,PIN-852201, BIHAR,INDIA, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCE FORTH KNOWN AS DINESH PRASAD CHORASIYA(NEW NAME) AS DECLARED BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 18/11/2024. DINESH PRASAD CHORASIYA (NEW NAME ) AND DINESH PRASAD CHOURASIA AND DINESH PRASAD CHORSHIA AND DINESH PRASAD CHOURASIYA (OLD NAME ) ALL ARE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**AFFIDAVIT**

I, MOLLA MEHEBUB RAHAMAN, S/o MOLLA BADRE ALAM, residing at Khaspur, P.O.-Pakurhans, P.S.-Ketugram, Dist.-Purba Bardhaman, West Bengal, Pin-731301, do hereby Solemnly affirmed and declare on oath that my mother actual name is MEHEBUBA BEGUM and correct date of birth is 04/01/1975 which worngly entered as MOLLA MAHUBA BEGUM and D.O.B is 01/02/1971. That I request to enter the correct date of birth of my mentioned above i.e. 04/10/1975 and name MEHEBUBA BEGAM vide an affidavit No. 19990, before The Notary Public, Katwa Court, Katwa, Puba Bardhaman on 29.08.2024.

## घर में बच्चे को जन्म देने की कोशिश में पत्नी की हुई मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

सरकारी निर्देश को ठेंगा दिखाते हुए एक पति ने घर पर ही प्रसव कराने का फैसला किया और इस दौरान गृहवधू की मौत हो गई। यह घटना बागदा थाना क्षेत्र के मालीपोटा इलाके की है। मिली जानकारी के अनुसार, बशीरहाट निवासी सुमना की शादी दस साल पहले नॉनी देबनाथ से हुई थी। उनकी एक आठ साल की बेटी है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आरोपी नॉनी बीच-बीच में विभिन्न कारणों से अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। इतना ही नहीं, नॉनी ने उसकी पत्नी के इच्छा के खिलाफ जबरदस्ती 3-4 बार गर्भपात भी करवाया था। शुक्रवार रात को सुमना को प्रसव पीड़ा हुई और



उसके पति ने अस्पताल ले जाने के बजाए घर पर ही बच्चे का जन्म करवाया। इसके बाद, हालत बिगड़ने पर गृहवधू को बागडदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां हालत बिगड़ने पर बनगांव अस्पताल ले जाया गया। वहीं, गृहवधू की मौत हो गई। नवजात फिलहाल एसएनसीयू यूनिट में भर्ती है। इस मामले की अब तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है।

## शेयर बाजार में भारी नुकसान के बाद मुकुंदपुर में ज्वेलरी दुकान में की लूट की कोशिश

**❑ बाधा देने पर मालिक पर धारदार हथियार से हमला, दो गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शेयर बाजार में बड़ा नुकसान हुआ, तो एक व्यक्ति ने ज्वेलरी दुकान को लूटने का प्लान बना लिया। दिनदहाड़े वह दुकान लूटने के पहुंच भी गया। ज्वेलरी दुकान में छीनाझपटी के दौरान धारदार चाकू से दुकान के मालिक लहूलुहान हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और लुटेरों को पकड़कर पीट दया। फिर, उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार की सुबह करीब 11 बजे पूर्व जादवपुर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने बताया कि ज्वेलरी दुकान में खरीददार बनकर आये



युवक ने ज्वेलरी दुकान के मालिक के गले से चेन छीनने की कोशिश की। इसी दौरान, दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। बदमाश ने दुकानदार के गले पर धारदार चाकू से प्रहार कर दिया। आरोपी का नाम दीपंकर पाल बताया गया है। हमले में घायल स्वर्ण व्यवसायी का नाम संजय कुमार सरकार है। पास के प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद दुकान के बाहर खड़े एक अन्य संदिग्ध युवक को भी दीपंकर का साथी होने के संदेह में पकड़ा गया। उसका नाम सागर है। उससे पूछताछ की जा रही है। दीपंकर मुकुंदपुर इलाके में एक प्राइ-वेट अस्पताल में काम करता है। पुलिस ने बताया है कि दीपंकर ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि उसे शेयर मार्केट में बड़ा नुकसान हुआ था। नुकसान की भरपाई करने के लिए उसने पास के इलाके में स्थित ज्वेलरी दुकान में लूट की साजिश रची। 3 दिन पहले दुकान की रेकी करके आया था। उसने कहा था कि 1.40 लाख रुपये की सोने की चेन खरीदने के लिए कुछ दिन बाद आएगा। इसके बाद, इस दिन, सुबह में दुकान में उसी चेन को निकालने के लिए कहा। दुकानदार चेन निकाल ही रहा था कि दीपंकर ने संजय पर हमला करके उसके गले से सोने की चेन छीनने लगा। संजय ने उसे रोका, तो दीपंकर ने धारदार चाकू से उसके गले पर हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## क्रिसमस से पहले केक-ब्रेड-बर्गर के बढ़ सकते हैं दाम, आटा, मैदा, चीनी की कीमतें बढ़ी

### सभी बेकरी उत्पादों की बढ़ सकती है कीमतें

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस महीने केक और ब्रेड के दाम बढ़ने की संभावना दिख रही है। आटा, मैदा और चीनी का दाम अचानक से बढ़ गया है। कर्मचारियों का वेतन भी बढ़ा दिया गया है। इसका असर पिज्जा और बर्गर की कीमत पर भी पड़ सकता है। बेकरी मालिकों ने मूल्य वृद्धि के संबंध में कई जिला-दर-जिला बैठकें कीं, हालांकि अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। कई कंपनियों ने तो नई कीमतों पर छपाई भी शुरू कर दी है। लेकिन बेकरी संगठन द्वारा अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इसे अगले सप्ताह लिया जा सकता है। ऐसे में 400 ग्राम ब्रेड की कीमत दो से चार रुपये तक बढ़



सकती है। फिलहाल, एक पाउंड ब्रेड की कीमत 32 रुपये है। आखिरी बार ब्रेड की कीमत नवंबर 2022 में बढ़ी थी। तब एक पाउंड की कीमत 28 रुपये से 32 रुपये हो गई थी। दो साल में फिर दाम बढ़ने की आशंका है। अकेले कोलकाता में एक दिन में 2 लाख 30 हजार ब्रेड सप्लाई किया जाता है। बेकरी मालिकों का कहना है कि ब्रेड, आटा, चीनी, खाद्य तेल, ईंधन आदि बनाने के लिए कच्चे माल की कीमतें एकदम से बढ़ गई हैं, इसलिए वे कीमत बढ़ाने के बारे में सोच रहे हैं।

अक्टूबर महीने में एक किलो पैकेट आटे की कीमत 45 रुपये थी। इस नवंबर में वह कीमत बढ़कर 52 रुपये हो गई। वहीं, बिना पैकेट वाले आटे की कीमत 35 रुपये थी, अब वह 40 रुपये हो गई। इसी तरह पैकेटबंद आटे की कीमत 48 रुपये थी तो अब 55 रुपये हो गयी है। हमेशा की तरह बेकरी मालिक केक और ब्रेड के दाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

## दो गुटों के बीच झड़प रोकने पहुंचे पुलिस अधिकारी पर हमला, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के रीजेंट पार्क में दो गुटों के बीच हो रही झड़प को रोकने के लिए पहुंचें पुलिस अधिकारी को लोगों ने पीट दिया। इस घटना में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, रीजेंट पार्क क्षेत्र में रह



रहे एक पेइंग गेस्ट के साथ गोल्फग्रीन के स्थानीय निवासियों का किसी बात पर बहस हो गया। यह बहस इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। जिसमें दोनों गुटों से दो-दो लोग घायल हो गए। खबर मिलते ही ट्रैफिक गार्ड के एडिशनल ओसी मौके पर पहुंचे। पुलिस को अचानक देखते ही गुस्साएं लोगों ने पुलिस पर ही हमला कर दिया। जिसमें एडिशनल ओसी घायल हो गए। शनिवार रात को ही घायल पुलिस अधिकारी को एसएसकेएम में भर्ती कराया गया। काम में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों से मारपीट के आरोप में तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।



# संपत्ति विवाद में रणक्षेत्र बना बराकर, फायरिंग एवं तलवार-लाठियों से जानलेवा हमले का आरोप

## तीन लोग घाय, दो गिरफ्तार



**आसनसोल :** आसनसोल नगर निगम के वार्ड 68 स्थित कुलटी के मनोबेड़िया इलाके मे संपत्ति विवाद को लेकर दो पक्ष आपस मे कुछ इस कदर भीड़. गए की मनोबेड़िया इलाका देखते ही देखते रणक्षेत्र मे तब्दील हो गया। गोलियों की तड़तड़ाहट एक दूसरे पर तलवार और लाठियों से जानलेवा हमला लोगों के बीच भगदड़. के माहौल ने मौके पर मौजूद लोगों के बीच ख़ौफ़ और डर का माहौल पैदा कर दिया। संपत्ति विवाद को लेकर हुई इस हिंसक झड़प में मौके पर खड़े.तीन आम लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनको आसनसोल जिला अस्पताल मे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। वहीं, इलाके मे घटी इस घटना को लेकर अब भी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिसको देखते हुए मौके पर भारी संख्या मे पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया गया है कि मनोबेड़िया इलाके मे अख्तर अंसारी नाम के एक व्यक्ति की पुराना घर है, जिस घर पर अख्तर एक और घर बना रहे थे। इसका विरोध इलाके के ही रहने वाले नईम का कहना था कि अख्तर के घर के बगल मे ही उनका भी घर है, अगर वह अपने घर के ऊपर एक और घर बनाते हैं, तो उनकी घर की सुंदरता ख़राब हो जाएगी। वहीं, नईम का यह भी दावा था कि अख्तर जिस घर के ऊपर घर बना रहे हैं उसपर उन्होने धारा 144 लगवा रखा है। ऐसे मे अख्तर अपने घर के ऊपर घर नही बना सकते, जिसको लेकर रविवार की सुबह से ही दोनों पक्ष के बिच पहले मामूली कहा सुनी शुरू हुई और वह कहा सुनी देखते ही देखते हाथापाई मे तब्दील हो गई। इसके बाद, देखते ही देखते पूरा इलाका रंक्षेत्र मे तब्दील हो गया। गोलियों की फायरिंग एक दूसरे के ऊपर तलवार लाठी डंडो से हमले शुरू हो गए और इस घटना मे 3 आम लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस घटना मे पुलिस ने फिलहाल दो लोगों को गिरफ्तार किया है और मामले की जांच मे जुट गई है।

# कांथी में सरकारी बस से 150 किलो गांजे के साथ 11 गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** दीघा-कोलकाता जाने वाली सरकारी बस से तीन महिलाओं समेत 11 तस्करों को पुलिस ने शनिवार की रात 150 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर कांथी महकमा के पुलिस अधिकारी दिवाकर दास के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने शनिवार को पूर्व मेदिनीपुर के कांथी बाईपास पर तलाशी अभियान चलाया। उस वक्त दीघा से कोलकाता जा रही एक सरकारी बस को रोककर बस में सवार हर यात्री की तलाशी ली गई इस दौरान करीब 150 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि इससे पहले ये तस्कर ओडिशा से कोलकाता समेत बंगाल के विभिन्न जिलों में गांजा की तस्करी कर चुके हैं। हालांकि, पुलिस ने कई बार गांजा तस्करों को पकड़ा है इसलिए तस्करों ने कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए तस्करी के लिए सरकारी बसों को चुना। पुलिस का मानना है कि तस्करों के साथ कई अन्य समूह भी जुड़े हुए हैं। उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।



### नवद्वीप में रास जुलूस में लगी आग, बड़ी काली माता की मूर्ति जलकर खाक

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवद्वीप के रासयात्रा में भीषण आग लगने की घटना घटी। इसमें बड़ी श्यामा मां की मूर्ति में आग लग गई। उस घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर फैल गए हैं। यह नजारा देख भक्त रो पड़े। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग कैसे लगी। बताया गया है कि बड़ी काली मां की प्रतिमा के साथ जुलूस निकला। लेकिन अचानक उसमें आग लग गई। मूर्ति जलने लगी। देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को भी उस पर काबू पाने का मौका नहीं मिला। आग की लपटों ने पूरी प्रतिमा को अपनी चपेट में ले लिया। जुलूस में आए कई लोगों की आंखों में आंसू थे। भक्त रो रहे थे। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि जुलूस के लिए जिस जेनरेटर का इस्तेमाल किया जा रहा था, उसमें किसी तरह आग लग गयी। लेकिन इस समस्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## अलीपुरद्वार में शिक्षक की बेरहमी से हत्या, प्राइवेट पार्ट काटकर डाला मुंह में



**अलीपुरद्वार :** उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के जयगांव में हत्या का एक खौफनाक मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। यहां एक निजी स्कूल के शिक्षक संतबीर लामा का शव एक अत्यंत क्रूर स्थिति में मिला। उनके प्राइवेट पार्ट को काटकर मुंह में डाला गया था, जिससे शव की स्थिति इतनी भयावह थी कि देखने वाला कोई भी शख्स चौंक जाए। पता चला है कि संतबीर लामा, जो मूल रूप से दा-लसिंगपारा के रहने वाले थे, जयगांव में शिक्षा का काम करते थे। वे कुछ साल पहले बेहतर अवसरों की तलाश में इस इलाके में आए थे, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि उनका जीवन इस तरह समाप्त होगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अलीपुरद्वार जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मामले में तेजी से जांच शुरू की और लामा के परिवार के बयान के बाद सात संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें इन संदिग्धों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि हत्या के पीछे का असली कारण क्या था।

## टैब घोटाला मामले में कूचबिहार से एक युवक गिरफ्तार



**कूचबिहार :** राज्य सरकार के 'तरुणेर स्वप्न' योजना के तहत छात्रों को दी गई टैब खरीदारी राशि की हेराफेरी मामले में पुलिस ने कूचबिहार जिले के दिनहाटा क्षेत्र से एक और आरोपी को गिरफ्तार किरा है। आरोपी का नाम मनोजीत बर्मन (30) है। दरअसल, टैब घोटाले में राज्य के अलग-अलग स्थानों से कई लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। अब दिनहाटा शहर का नाम भी इस घोटाले में शामिल हो गया है। सूत्रों के अनुसार, हबीबपुर के एक स्कूल के छात्र का टैब का पैसा दूसरे के खाते में चला गया था। घटना की जांच के बाद मालदह जिला पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने कूचबिहार के दिनहाटा थाना अंतर्गत मदर लेन पर गत शनिवार को छापेमारी कर मनोजीत बर्मन को गिरफ्तार कर लिरा। सूत्रों के अनुसार, एक छात्र के टैब का पैसा मनोजीत बर्मन के खाते में गया था। हालांकि, वह पैसा पहले ही निकाला जा चुका है। बैंक की केवाईसी जानकारी के जरिए शनिवार की रात मनोजीत को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने अनुमान लगाया कि टैब मनी घोटाले में आरोपितों के कई बैंक खातों का उपयोग किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति को हबीबपुर थाना पुलिस ने रविवार को मालदह जिला अदालत में पेश कर दस दिनों की पुलिस हिरासत का अनुरोध किया है।

### अलीपुरद्वार में भिड़ी दो बसें, 36 घायल

**अलीपुरद्वार :** अलीपुरद्वार जिले के शामुकतला थाना अंतर्गत 31 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के चालतातला इलाके में बस दुर्घटना में 36 लोग घायल हो गए। बताया गया है कि गुजरात से 2 बसों से 90 पर्यटक गौहाटी स्थित कामाख्या मंदिर में दर्शन करने गए थे। कामाख्या से एक बस देवघर जा रही थी और दूसरी बस गंगासागर जा रही थी। गत शनिवार की रात 31 नंबर राष्ट्रीर राजमार्ग के चालतातला इलाके में गंगासागर जा रही बस ने अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे पीछे वाली देवघर बस ने सामने वाली बस को टक्कर मार दी। जिससे आधी रात को सो रहे बस हादसे में करीब 36 लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को बरामद कर इलाज के लिए पहले स्थानीय ग्रामीण अस्पताल और फिर अलीपुरद्वार जिला अस्पताल लाया गया।



**कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री धर्मनाथ स्वामी की सवारी में उपस्थित श्री जैन गौतम मण्डल के सदस्य कमल चंद बैद, महेन्द्र कुमार डागा, वासु सिपानी, विजय मोदी, संजय सेठिया, श्याम बैद सक्रिय रहे।**

## सन्तोष स्पोर्टिंग क्लब का रक्तदान शिविर संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** सन्तोष स्पोर्टिंग क्लब द्वारा रक्त की आवश्कता को देखते हुए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 46 रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। संस्था के संयोजक उत्तम सोनकर ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक संजय बक्शी, तिनकुरी दत्ता, प्रदीप मजूमदार, प्रतिक तिवारी, कविता गुप्ता, भोला सोनकर, राजीव जायसवाल, पूजा सोनकर, दीपक सिंह, नागेश सिंह, डॉ के.के राय, ददन सिंह, किरणमयी हाजरा, सांवरमल अग्रवाल, सागर माली, मनोज जैन, रघुनाथ हाजरा, हरि सोनी, हरि चरण सोनकर समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन डॉ. ऐ के सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यगण संजीव जैन, कार्तिक सिंह, संतोष सिंह, नरेश चौधरी, हनुमान मोहता, रमेश शुक्ला, पृथ्वी सोनकर, संजय राय, श्याम सुंदर राठी, राजा डागा, मनोहर सोनकर, शैलेश राय, अमरनाथ झा, जे.पी सोनकर, विनोद यादव, आरिफ मुमताज़, राधेश्याम लाम्बा, लाल बाबू सोनकर, कालीचरण सोनकर, गोपाल शर्मा, पप्पू साव, मनोज साव, दिपक सोनकर, अमित पाण्डे, विवेक सिंह, रवि बाल्मीकि, सूरज सोनकर आदि सदस्यगण ने सक्रिय भूमिका निभाई।




**एसबीआई के प्रबंध निदेशक राणा अशुतोष कुमार सिंह ने जगृति यात्रा 2024 के फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम में युवा उद्यमियों को संबोधित किया। जगृति यात्रा 8 हजार किमी लंबी, 15 दिनों की ट्रेन यात्रा है। जिसका उद्देश्य भारत के टियर 2 और टियर 3 जिलों में उद्यमिता को बढ़ावा देना है।**

## क्रिसमस में दार्जिलिंग और पुरी घूमने के लिए दिख रहा है लोगों का उत्साह, ट्रेनों में बढ़ी वेटिंग लिस्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस और नए साल का बंगाल के यात्री प्रेमियों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दौरान वे अपनी करीबी और परिजनों के साथ घूमने निकल पड़ते है और जहां घूमने की बात आती है वहां सबसे पहले दिमाग में दार्जिलिंग और पुरी आता है। बंगाल के यह दो सबसे पसंदीदा गंतव्य हैं। जहां के लिए सबसे अधिक मांग देखी जाती है। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष टिकटों के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



दार्जिलिंग मेल में सभी श्रेणियों में प्रतीक्षा सूची 100 से अधिक पहुंच चुकी है। पदातिक एक्सप्रेस में 21-27 दिसंबर, 2024 के बीच यात्रा के लिए एसी 2-टियर और एसी 3-टियर दोनों को रिग्रेट के रूप में चिह्नित किया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस में 22, 23, 24 और 26 दिसंबर 2024 को वेटिंग लिस्ट 200 यात्रियों के पार पहुंच गई है। यहां तक कि उत्तर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण ट्रेन, सरायघाट एक्सप्रेस में एसी 3-टियर में 22-24 दिसंबर के बीच 60 से अधिक यात्री प्रतीक्षा सूची में हैं। वहीं, स्लीपर क्लास में 80 से ज्यादा यात्री प्रतीक्षा में हैं।

वहीं, पुरी की बात करें तो, सियालदह-पुरी दुरंतो एक्सप्रेस में 20 और 23 दिसंबर को एसी 3-टियर में प्रतीक्षा सूची 50 यात्रियों से अधिक हो गई है। स्लीपर क्लास में 100 से अधिक यात्री प्रतीक्षा सूची में हैं। ये आंकड़े टिकटों की असाध-ारण मांग को उजागर करते हैं। इन गंतव्यों के लिए टिकटें बिजली की गति से बिक रही हैं, जिससे कई लोग विकल्पों की तलाश में भटक रहे हैं।

## दोस्त के साथ घूमने निकले युवक का मिला शव, हत्या का आरोप

कोलकाता, समाज्ञा



कृष्णानगर के कोटवाली थानांतर्गत इलाके के एक बगीचे से रविवार को एक युवक का शव बरामद किया गया। मृत युवक का नाम ऋत्विक मुंशी(23) है। वह शांतिपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 11 का रहने वाला है। युवक के परिजनों ने ऋत्विक के दोस्त सौरव पर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात को ऋत्विक का दोस्त सौरभ उसे रास महोत्सव दिखाने के बहाने घर से बुलाकर ले गया था। ऋत्विक के स्कूटी से दोनों निकल पड़े। जब रात हो जाने के बाद भी ऋत्विक घर नहीं लौटा तो परिवार के सदस्यों ने कई बार उससे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। बहुत देर बाद सौरव ने फोन उठाया और उसने कहा कि ऋत्विक बीमार हैं और वह उसकी देखभाल कर रहा है। रविवार की सुबह सौरव की मां ने ऋत्विक के घर स्कूटी की चाबी लौटाने आयी। इसके कुछ ही देर बाद ऋत्विक के घर वालों को खबर मिली कि पुलिस ने ऋत्विक का शव कृष्णानगर कोतवाली थाने के दुर्गापुर इलाके से बरामद किया है। ऋत्विक के परिजनों का दावा है कि युवक की योजनाबद्ध तरीके से हत्या की गई है। इस बीच, शव को पोस्टमार्टम के लिए शक्तिनगर जिला अस्पताल भेज दिया गया है। कृष्णानगर कोतवाली और शांतिपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से घटना की जांच शुरू कर दी है।

### मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा, कई घायल, 15 लोग गिरफ्तार

# कार्तिक पूजा पंडाल के पास आपत्तिजनक संदेश को लेकर दो समूहों में झड़प, इंटरनेट ठप

❑ **कई इलाकों में निषेधाज्ञा लागू, शांति बहाल करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात**

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में एक अस्थायी गेट पर लगे 'डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड' पर कथित आपत्तिजनक संदेश को लेकर दो समूहों के लोगों के बीच झड़प हो गई जिसके बाद अधिकारियों ने क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। झड़प में कथित रूप से शामिल 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि प्रभावित क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि झड़प के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। यह झड़प तब शुरू हुई जब कार्तिक पूजा पंडाल के पास लगाए गए एक गेट पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर लिखा संदेश एक समूह के सदस्यों के संज्ञान आया। बताया गया है कि झड़प गत शनिवार की देर रात तब शुरू हुई जब कार्तिक पूजा पंडाल के पास युवाओं का एक समूह इकट्ठा हुआ और आरोप लगाया कि त्योहार के लिए बनाए गए गेट पर लगे डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला एक आपत्तिजनक संदेश दिखा। जल्द ही वहां एक और समूह इकट्ठा हो गया और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। झड़प में कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई और देसी बमों का इस्तेमाल किया गया। एक पुलिस वाहन पर भी हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस कर्मियों को भीड़ पर लाठीचार्ज करना पड़ा। आखिरकार, रविवार की सुबह स्थिति पर काबू पा लिया गया, लेकिन इलाके में तनाव बना रहा। दुकानें नहीं खुलीं जबकि पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान अलग-अलग इलाकों में गश्त कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत बेलडांगा और निकटवर्ती काजीसाहा और बेगुरबन इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है, जबकि इलाके में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। अधिकारी ने बताया कि स्टेशन के पास हुई झड़प के कारण सियालदह से मुर्शिदाबाद जाने वाली भागीरथी एक्सप्रेस कई घंटों तक फंसी रही।

### बांग्लादेश की तरह बेलडांगा में चल रही हिंदुओं के दमन की साजिश : सुकांत मजुमदार

मुर्शिदाबाद के बेलडांगा सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री सुकांत मजुमदार ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश की तरह बेलडांगा में 'हिंदुओं का खात्मा' किया जा रहा है। वहां हिंदुओं के घरों में आग लगाई जा रही है। सांप्रदायिक हिंसा को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तीन वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में केंद्रीय मंत्री ने दावा किया है कि बेलडांगा में बांग्लादेश की तरह 'हिंदुओं का दमन' किया जा रहा है। वहां हिंदुओं के घरों में आग लगाई जा रही है। सुकांत ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सवाल पूछा है कि क्या पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाने की योजना है? सुकांत ने अपने पोस्ट में लिखा है कि मुख्यमंत्री के राज में मुर्शिदाबाद का बेलडांगा देर रात तक जल रहा है। बांग्लादेश की शैली में हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं। निर्दोष हिंदुओं को चुन-चुन कर पीटा जा रहा है, उनके घरों में आगजनी और बमबारी हो रही है। यहां तक कि निर्दोष महिलाओं को भी नहीं बख्शा जा रहा और जान से मारने की धमकी दी जा रही है! क्या राज्य की विफल, बेशर्म पुलिस मंत्री ममता बनर्जी चैन की नींद सो रही हैं? या ये सब पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश बनाने की गहरी साजिश है?

### बच्चे की मौत, कांदी महकमा अस्पताल में प्रदर्शन

**मुर्शिदाबाद :** बच्चे की मौत पर मुर्शिदाबाद के कांदी महकमा अस्प-ताल में तनाव फैल गया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की मौत हुई है। गत शनिवार की देर रात तक सरकारी अस्पताल मरीजों के परिजनों के विरोध-प्रदर्शन से गरमाया रहा। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस को व्यवहारिक रूप से कड़ाई करनी पड़ी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नील मंडल नामक छह वर्षीर बच्चा पेट दर्द से पीड़ित था। परिजन खड़ग्राम निवासी को कांदी उपजिला अस्पताल ले गए। लेकिन आरोप है कि डॉक्टर ने बच्चे का ठीक से इलाज नहीं किया। मरीज के परिजनों के मुताबिक, नील को शुक्रवार की सुबह से उल्टी हो रही थी। वह पेट दर्द से भी पीड़ित था। बच्चे की शारीरिक स्थिति बिगड़ने पर उसे शनिवार की सुबह कांदी उपमंडल अस्पताल लाया गया। मृतक के पिता ने दावा किया कि कांदी अनुमंडल अस्पताल के शिशु विभाग के डॉक्टर ने उनके बेटे का इलाज ठीक से नहीं किया।

### नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बशीरहाट में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा घर पर अकेली थी। आरोप है कि 24 वर्षीय युवक ने घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग ने अपने माता-पिता को सारी घटना की जानकारी दी। फिर छात्रा ने परिजनों के साथ मिलकर हरोआ थाने में युवक के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई। पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को रविवार को बशीरहाट महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक छात्रा की युवक से पहले से जान-पहचान थी। पीड़ित लड़की की बशीरहाट स्वास्थ्य जिला अस्पताल में मेडिकल जांच करायी जायेगी।

## पूर्व रेलवे ने सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा क्षमता का किया विस्तार


**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपनी सौर ऊर्जा क्षमता से पर्यावरणीय स्थिरता बनाए रखने के लिए और अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए लगातार कोशिश करता है। अक्टूबर 2024 तक, पूर्व रेलवे ने विभिन्न डिवीजनों और कार्यशालाओं में सफलतापूर्वक सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए हैं, जिससे इसके नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे में कुल 750 किलोवाटपी (0.75 मेगावाटपी) जुड़ गया है। यह नया जुड़ाव पूर्व रेलवे की संचयी सौर ऊर्जा उत्प-ादन क्षमता को उल्लेखनीय 22.348 मेगावाटपी तक लाता है। पूर्व रेलवे ने सौर ऊर्जा उत्प-ादन में भी एक प्रभावशाली उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2024 तक, नेटवर्क द्वारा उत्पादित कुल संचयी सौर ऊर्जा 24.80 मिलियन यूनिट है, जिसके परिणामस्वरूप अकेले चालू वित्तीय वर्ष में 13.59 करोड़ रुपये की पर्याप्त लागत बचत हुई है। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, पूर्व रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें अतिरिक्त 6.01 मेगावाटपी सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की योजना है, जो सतत विकास और हरित ऊर्जा प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

## अब एसएसकेएम अस्पताल के हॉस्टल में बेहोश मिला एक जूनियर डॉक्टर




**कोलकाता :** बंगाल में अस्पताल व डॉक्टर लगातार खबरों में बने हुए है। अब एसएसकेएम अस्पताल के एक जूनियर डॉक्टर को आज बेहोशी की हालत में अस्प-ताल में भर्ती कराया गया। वह हाउस स्टाफ एसएसकेएम के हॉस्टल में रहता था। आज उसे हॉस्टल के कमरे में बेहोश पाया गया। फिलहाल जूनियर डॉक्टर का एसएसकेएम के सीसीयू में इलाज चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, जूनियर डॉक्टर की शारीरिक स्थिति फिलहाल स्थिर है। वह खतरे से बाहर भी नही है। फिलहाल वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जूनियर डॉक्टर की का उक्त हालात कैसे हुई। इलाज कर रहे डॉक्टर यह भी देख रहे हैं कि जूनियर डॉक्टर पर किसी दवा का साइड इफेक्ट तो नहीं हुआ है, या फिर उसने कोई दवा ली है तो उसकी खुराक बहुत ज्यादा तो नहीं हो गई है। उक्त जूनियर डॉक्टर एसएसकेएम के न्यूरोलॉजी विभाग का हाउस स्टाफ था। आज हॉस्टल के कमरे से लगभग बेहोशी की हालत में उसे बचाए जाने के बाद अन्य जूनियर डॉक्टर भी काफी हैरान हैं। यहां तक कि उनके जानने वाले जूनियर डॉक्टरों को भी उनकी अचानक बीमारी का कोई कारण समझ नहीं आ रहा है। बेहोश होने वाला जूनियर डॉक्टर आरजी कर मामले के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन में शामिल था। भले ही वह अग्रिम पंक्ति में नहीं था लेकिन लेकिन आरजी कर को लेकर एसएसकेएम अस्पताल क्षेत्र में आयोजित हर विरोध कार्यक्रम में सक्रिय रहा है।

## बालागढ़ में गंगा में डूबने से नाबालिका की मौत



**हुगली, समाज्ञा :** कार्तिक पूजा पर अपने दादा के घर घूमने आई एक नाबालिका की गंगा में डूबने से मौत गयी। जबकि, स्थानीय लोगों के प्रयास से एक अन्य नाबालिका को बचा लिया गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार की सुबह हुगली के बालागढ़ भबानीपुर चर गांव में हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतका की पहचान सहेली साहा (14) के रूप में की गई है। वह नौवीं कक्षा की छात्रा थी। बताया गया है कि सहेली साहा पूर्व बर्दवान के मेमारी से हुगली के बालागढ़ स्थित अपने दादा के घर आई थी। इस दिन, सुबह में सहेली अपने साथ आई रिश्तेदार स्वर्णाली विश्वास और तिथि विश्वास के साथ स्थानीय गंगा में स्नान करने गई थी। तिथि साथ गई, लेकिन वह पानी में नहीं उतरी। बताया गया है कि दो नाबालिग स्वर्णाली और सहेली गंगा किनारे खड़ी एक नाव पर खड़े होते ही पलट गयी। दोनों को बहता देख तिथि ने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया। स्वर्णाली को बचा लिया गया, लेकिन सहेली डूब गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आई। सूचना आपदा प्रबंधम टीम को दी गई। खोजबीन के बाद नाबालिग का शव बरामद हुआ।

# शिवपुर के एक बैंक्वेट हाल में लगी भीषण आग, दमकल की तीन इंजन ने आग पर पाया काबू



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर थानांतर्गत फोरशोर रोड किनारे स्थित एक बैंक्वेट हाल (हावड़ा हाउस) के सामने बने पंडाल में भीषण आग लग गयी। घटनास्थल पर पहुंची दमकल की तीन इंजन ने करीबन डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, हॉल की 22 नवंबर की बुकिंग थी। इस कारण सजावट का काम चल रहा था। इस दौरान शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गया। वहां सजावट के रखे हुए सामान के कारण आग और तेजी से फैलते चली गयी। आग की लपटों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर पहुंची दमकल को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने से पंडाल के अंदर रखे सभी सामान जल गए। दमकल विभाग के अधिकारी पवन कुमार मंडल ने बताया कि चूंकि हवा तेज चल रही थी, इसलिए आग को काबू करने में भी समय लगा। आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस मामले की जांच जारी है।

## खड़गपुर में जमीन विवाद के कारण एक व्यापारी की गला रेत कर हत्या



**खड़गपुर :** खड़गपुर में जमीन विवाद के कारण एक व्यक्ति की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक का नाम उमाशंकर महतो(47) है। वह पेशे से व्यपारी है। यह घटना शनिवार रात खड़गपुर ग्रामीण थाना अंतर्गत कलाईकुंडा के पड़डीहा बाजार इलाके की है। पड़डीहा बाजार इलाके में शुक्रवार से रास उत्सव चल रहा था। उमाशंकर महोत्सव समिति के अध्यक्ष भी थे। शनिवार की रात मेले के दौरान उमाशंकर अपनी दुकान पर बैठा था। तभी तीन बदमाश अचानक दुकान पर आए और धारदार हथियार से उमाशंकर की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव छोड़कर बदमाश भाग निकले। खबर मिलते ही खड़गपुर ग्रामीण थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, जमीन विवाद के चलते उमाशंकर की गला काटकर हत्या की गई है। परिजनों के अनुसार, परिवार के सदस्य राजू महतो-मंगल महतो के साथ लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा था और उन्होंने ही योजना बनाकर यह हत्या की है। मृतक के परिजनों ने खड़गपुर ग्रामीण थाने में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया चोर, पकड़े जाने के तुरंत बाद अचानक पड़ा बीमार



**हुगली :** हुगली जिले के चुंचुड़ा नगरपालिका के पाठक बागान इलाके में चोरी करते हुए रंगेहाथ चोर पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर इलाके के एक मंदिर में दो युवक चोरी के इरादे से घुसे थे। मंदिर से एक गैस ओवन और बर्तन चुराकर भागने के दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान एक चोर तो भागने में सफल रहा, लेकिन दूसरा पकड़े जाने के तुरंत बाद अचानक बीमार पड़ गया। उसे जमीन पर गिरता हुए देखा तुरंत चुंचुड़ा थाने को सूचना दी गई। युवक को कांपते हुए देखकर लोगों ने सोचा कि वह गंभीर रूप से बीमार है। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल ले गई। चुंचुड़ा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद युवक को थाने ले जाया गया। इसके बाद उसे चुंचुड़ा कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नशे की लत को पूरी करने के लिए चोरी करते हैं। वे उत्तर 24 परगना के नैहाटी और हालीशहर से चुंचुड़ा में आकर घरों और मंदिरों में चोरी करते हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद मुख्य सवाल यह है कि क्या चोर वास्तव में बीमार हुआ था या जनता से बचने के लिए उसने बीमारी का नाटक किया था? इसे लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## बाबा बासुकीनाथ मित्र मंडल हावड़ा ने पशुपतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक और महाआरती की



**हावड़ा, समाज्ञा :** बाबा बासुकीनाथ मित्र मंडल हावड़ा ने 44 सदस्यों के साथ नेपाल में देवघाट से बाबा पशुपतिनाथ तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया था। यह कांवड़ यात्रा गत 8 नवंबर को शुरू हुई और 110 किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए चार दिन की पैदल यात्रा की। गत 13 नवंबर को काठमांडू में बाबा पशुपतिनाथ मंदिर में जलाभिषेक और महाआरती की गई। वहीं, रविवार को मंडल कोलकाता लौट आया।

## 2026 विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में नहीं बचेगा भाजपा और माकपा का अस्तित्व : कल्याण बनर्जी

❑ **तृणमूल सांसद का दावा, आगामी विधानसभा चुनाव में किसी विपक्षी पार्टी को 30 सीटें भी नहीं मिलेगी**

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में 2026 में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा और माकपा का अस्तित्व नहीं बचेगा। रविवार को हुगली जिले के श्रीरामपुर से सांसद बनर्जी ने कहा कि माकपा एक मृत पार्टी बन चुकी है, जो आरजीकर कांड के बाद जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के सहारे खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 2026 के चुनाव नतीजे के बाद यहां न कोई विपक्षी दल का नेता बन पाएगा और न ही कोई विपक्षी पार्टी 30 सीटों तक पहुंचेगी। उन्होंने



जोर देकर कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी विपक्षी पार्टी को 30 सीटें भी नहीं मिलेंगी।

इस दिन, कल्याण बनर्जी ने अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत डानकुनी नगरपालिका क्षेत्र में पंप हाउस सहित नवनिर्मित कई ढलाई सड़कों का उद्घाटन करने के दौरान यह बात कही। कोलकाता में 108 नंबर वार्ड तृणमूल कांग्रेस के पार्षद सुशांत घोष पर फायरिंग की कोशिश की घटना पर उन्होंने भाजपा और माकपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस कांड में इन दोनों ही दलों का हाथ है।

### मरीजों की उचित देखभाल नहीं कर रहे डॉक्टर : कल्याण बनर्जी

**हुगली, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने रविवार को आंदोलन करने वाले डॉक्टरों पर सरकारी अस्पतालों में मरीजों की उचित देखभाल नहीं करने का आरोप लगाया। बता दें कि ये डॉक्टर आरजीकर अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई महिला के लिए न्याय की मांग को लेकर लंबे समय आंदोलन कर रहे हैं। कल्याण बनर्जी ने दावा किया कि जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन में शामिल होने वाले नागरिक समाज के लोग 'कुलीन वर्ग से हैं। ये डॉक्टर सरकारी चिकित्सा सुविधाओं में इलाज कराने वाले वर्ग से नहीं हैं, जहां समाज के गरीब तबके के लोग इलाज कराने जाते हैं। इस दिन, अपने निर्वाचन क्षेत्र श्रीरामपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्याय मांगने के नाम पर किसी के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। जूनियर डॉक्टरों द्वारा लंबे समय से काम बंद रखने को अवैध बताते हुए कल्याण ने कहा कि राज्य के लोगों को इलाज से वंचित करने वाला आंदोलन स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जूनियर डॉक्टर पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के खिलाफ चल रहे आंदोलन से प्रेरित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने सोचा होगा कि उन्हें अपनाकर वे यहां सरकार बना लेंगे। तृणमूल सांसद ने आरोप लगाया कि जूनियर डॉक्टरों का एक वर्ग मरीजों को निजी अस्पतालों में भेज देता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में वरिष्ठ डॉक्टर मरीजों को उचित उपचार देते हैं। उन्होंने कहा कि वे जानते हैं कि लोगों को सेवा प्रदान करना सबसे महत्वपूर्ण है।

# राज्यों की खबरें

## 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे', बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता व संकल्प का प्रतीक: मौर्य

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राज्य में नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनावों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे ''बंटेंगे तो कटेंगे'' का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे' सभी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक है। मौर्य ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में किसी भी मतभेद से इनकार करते हुए यह भी साफ किया कि पार्टी का नारा 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' ही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) की गालियों का जवाब उसी तरह देना है, जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को दिया था।'' मौर्य ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का स्पष्ट संदेश और उनके भाषणों से उभरे नारे- 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे'-हम सभी



कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संकल्प का प्रतीक हैं।'' इसी पोस्ट में उन्होंने सफाई दी, ''भाजपा में न मतभेद था, न है, न होगा। यह नारा मुझ जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के दिल की आवाज़ है।'' हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का नारा ''एक रहेंगे तो सेफ़ रहेंगे'' ही है। पोस्ट में मौर्य ने पूछा कि सपा, बसपा (बहुजन समाज पार्टी) और कांग्रेस को इस एकजुटता से पेट में दर्द क्यों हो रहा है? अगर दर्द बर्दाश्त नहीं हो रहा है, तो इलाज कराएं और दवा ले लें। इससे पहले शनिवार को प्रयागराज में आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर किए गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने नाराज स्वर में कहा था, मुख्यमंत्री कोई संबोधन करते हैं तो उस पर मुझसे टिप्पणी क्यों लेना चाहते हो?.. क्या आप मीडिया के मित्र आपस में हमें लड़ाना चाहते हो?'' आदित्यनाथ ने सहसो के कसेरुआ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार हमें इसलिए करना पड़ा था क्योंकि हम बंटे थे। काशी और मथुरा में हमें अपमान इसलिए झेलना पड़ा क्योंकि हम बंटे थे। जब बंटे थे तो कटे थे।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : महाराष्ट्र के अकोला से गुजरात का संदिग्ध गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में गुजरात के एक व्यक्ति को रविवार को महाराष्ट्र के अकोला से गिरफ्तार किया। इसी के साथ इस सनसनीखेज हत्याकांड के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के आणंद जिले के पेटलाड निवासी सलमानभाई इकबालभाई वोहरा को राज्य पुलिस की मदद से मुंबई से लगभग 565 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अकोला के बालापुर से गिरफ्तार किया गया। बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के बांद्रा पूर्व के निर्मल नगर इलाके स्थित कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अधिकारी ने कहा, वोहरा ने इस साल मई में एक बैंक खाता खोला था और मामले में गिरफ्तार आरोपी गुरमेल सिंह के भाई नरेश कुमार सिंह, रूपेश मोहोल और हरीशकुमार को वित्तीय सहायता प्रदान की थी। उसने अपराध में शामिल अन्य संदिग्धों की भी मदद की थी। हरियाणा के रहने वाले गुरमेल सिंह और उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज कश्यप को हत्या के तुरंत बाद घटनास्थल से ही दबोच लिया गया था। पुलिस को मामले में हाल ही में एक बड़ी कामयाबी मिली, जब उसने कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम को उत्तर प्रदेश के बहराइच से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, 12 अक्टूबर से फरार गौतम को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह भारत से नेपाल भागने की फिराक में था।

## मप्र पुलिस ने 1800 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया, 167 लोग गिरफ्तार

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान पिछले तीन दिनों में 1,800 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए गए और 167 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान 14 नवंबर को शुरू हुआ था, जिसके तहत पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की और गहन तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा, हमने 1800 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए, जिनमें 920 किलोग्राम गांजा, 37.50 ग्राम स्मैक, 649 ग्राम ब्राउन शुगर और 61 ग्राम मेफेड्रोन है। हमने 167 लोगों को गिरफ्तार किया और 16 वाहन जब्त किए। हम मादक पदार्थों से जुड़े संगठित गिरोहों को तोड़ने में भी सफल रहे।

## इस्तेमाल करके फेंक देना शिंदे की नीति, वंगा परिवार का अपमान किया गया : उद्धव

**पालघर :** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पालघर के विधायक श्रीनिवास वंगा के साथ किए गए व्यवहार का हवाला देते हुए रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना पर इस्तेमाल करके फेंकने की नीति अपनाने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद दिवंगत चिंतामन वंगा के बेटे श्रीनिवास वंगा को शिंदे गुट ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं दिया।

श्रीनिवास ने 2019 का चुनाव (अविभाजित) शिवसेना के टिकट पर जीता था और जून 2022 में पार्टी के विभाजन के बाद शिंदे गुट में शामिल हो गए थे। उद्धव यहां बोईसर में महा विकास आघाडी (एमवीए) के उम्मीदवार विश्वास वाल्वी (बोईसर) और जयेंद्र डुबला (पालघर) के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी की 'इस्तेमाल करके फेंकने' की नीति है। वंगा परिवार का अपमान किया गया है। उद्धव ने यह भी कहा कि जिले के वधावन और मुर्बे में बंदरगाह परियोजनाओं से समुद्र तट को खतरा होगा और क्षेत्र के मछुआरा समुदायों की आजीविका प्रभावित होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह विकास के नाम पर विनाश के खिलाफ हैं और सत्ता में आने के बाद ऐसी परियोजनाएं बंद कर दी जाएंगी। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा पर चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

## उत्तराखंड: बदरीनाथ धाम के कपाट बंद, चारधाम यात्रा हुई समाप्त

**गोपेश्वर :** उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को शीतकाल के लिये बंद कर दिये गये और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा समाप्त हो गयी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सूत्रों ने बताया कि रात नौ बजकर सात मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट परंपरागत पूजा अर्चना और रीति रिवाज से शीतकाल के लिए बंद कर दिये गए। इस दौरान सेना के बैंड की धुनों और भक्तों की 'जय बदरीविशाल' के नारों से वातावरण गूंज उठा। कपाट बंद होने के मौके पर धाम को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। इस दौरान मंदिर में साल की आखिरी पूजा देखने के लिए दस हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। चमोली जिले में स्थित भगवान विष्णु को समर्पित



बदरीनाथ के कपाट बंद करने के लिये शाम साढ़े सात बजे से ही विशेष पूजा शुरू हो गई थी। सूत्रों के मुताबिक, कपाट बंद होते समय मंदिर के पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी ने भगवान बदरीविशाल को माणा गांव की महिलाओं द्वारा बनाया गया घृत कंबल ओढ़ाया। सूत्रों ने बताया कि भगवान को सर्दी से बचाव के लिए सदियों से इस धार्मिक परंपरा का निर्वाह किया जाता है। मंदिर के कपाट बंद होने के बाद अब सोमवार सुबह देवडोलियां जोशीमठ के नृसिंह मंदिर की ओर रवाना होंगी, जहां श्रद्धालु शीतकाल के दौरान उनके दर्शन कर सकेंगे। मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि इस वर्ष सवा चौदह लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए। सूत्रों ने बताया कि चारों धाम में इस साल करीब 48 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। गढ़वाल हिमालय के चार धामों में शामिल केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट पहले ही शीतकाल के लिये बंद किये जा चुके हैं। सर्दियों में भीषण ठंड और भारी बर्फवारी के कारण इन धामों के कपाट अक्टूबर से नवंबर में श्रद्धालुओं के लिये बंद कर दिये जाते हैं। कपाट अगले साल अप्रैल-मई में दोबारा खोले जाएंगे।

## भाजपा नेता झारखंड में घूम रहे लेकिन मणिपुर जाने के लिए उनके पास समय नहीं : कल्पना सोरेन

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की नेता कल्पना सोरेन ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता झारखंड में घूम रहे हैं लेकिन उनके पास मणिपुर जाने और वहां आदिवासी महिलाओं के खिलाफ हो रहे ''अत्याचार'' को देखने के लिए समय नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की पिछली 'डबल इंजन' सरकार ने दोगुनी ताकत से राज्य को पीछे धकेल दिया। कल्पना ने कहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राज्य में घूम रहे हैं, जो सत्ता से दूर होने की उनकी बेचैनी को दर्शाता है। वे राज्य में घूम रहे हैं लेकिन उनके पास मणिपुर जाकर वहां आदिवासी महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को देखने का समय नहीं है। कल्पना ने पाकुड़ और गिरिडीह सहित कई स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड के लोगों के अधिकार छीनना चाहती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने आरोप लगाया, प्रदेश में भाजपा की पिछली 'डबल इंजन' सरकार ने राज्य को दोगुनी ताकत के साथ पीछे धकेल दिया। भाजपा की पिछली सरकार में हजारों स्कूल बंद कर दिए गए, जिससे बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए और करीब 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिए गए। उन्होंने दावा किया कि झामुमो नीत सरकार ने लोगों को उनके अधिकार दिए और उत्कृष्ट विद्यालय शुरू किए, जहां बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के समान शिक्षा दी जा रही है। कल्पना ने कहा, हम मैया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। दिसंबर से इस योजना के तहत राशि मौजूदा 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम (झामुमो) पिछड़े वर्गों को आरक्षण देना चाहते हैं, 1932 आधारित स्थानीय नीति और आदिवासी सरना धार्मिक संहिता लागू करना चाहते हैं।

## पुलिस मार्च पर अखिलेश का तंज, बोले : जनता का विश्वास जीतने के लिए कराई जा रही 'दल-बल' की परेड

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को होने वाले मतदान की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में चुनाव में ''इतनी धांधली'' हो रही है और जनता का विश्वास जीतने के लिए 'दल-बल' की परेड कराई जा रही है। सपा प्रमुख यादव ने मुरादाबाद जिले के कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में पैदल मार्च कर रहे पुलिसकर्मियों का छह सेकंड का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा, ''ये जो युद्धस्तरीय तैयारी है उसे चीन की सीमा समझने की भूल न करें, ये तो उत्तर प्रदेश का कुंदरकी है जहां विधानसभा का उपचुनाव है।'' यादव ने आरोप लगाया, ''दरअसल भाजपा राज में चुनाव को लेकर इतनी धांधली हो रही है कि उत्तर प्रदेश की जनता का कानून-व्यवस्था से विश्वास ही उठ गया है। इसीलिए जनता का विश्वास जीतने के लिए 'दल-बल' की ये परेड कराई जा रही है।'' सपा प्रमुख ने कहा, ''वैसे मीडिया का मानना है कि ये मन से डर निकालने की नहीं, मन में डर डालने की प्रक्रिया ज्यादा लग रही है, जिससे सत्ताधारी 'दल' को चुनाव में 'बल' मिले और जनता कम से कम संख्या में वोट डालने के लिए बाहर निकले, जिससे चुनावी घोटाला करने में आसानी हो और घोटाले के गवाह कम हो सकें।'' उन्होंने दावा किया, ''लेकिन इन सबके बाद भी जनता ने ठान लिया है कि वो बाहर आएगी और भाजपा को हराने-हटाने को लिए वोट करेगी।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग को वोटिंग कम कराने की इस साजिश को नाकाम करना चाहिए। यादव ने कहा, ''इस बार जनता अपने मोबाइल कैमरों के साथ तैनात रहेगी और गड़बड़ी करने वाले किसी भी स्तर के व्यक्ति को अदालत तक ले जाकर दंड दिलवाकर ही मानेगी।'' सपा अध्यक्ष ने कहा, ''जनता ने 'मतदान भी, सावधान भी' का नारा स्वीकार कर लिया है और अपने वोट की रक्षा के लिए सबकुछ करने को तैयार है। इस बार भाजपाई चुनावी घोटालेबाज अपनी खैर मनाएं।'' उत्तर प्रदेश में जिन नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है, उनमें कटेहरी (आंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर शहर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) शामिल हैं।

## पंजाब में उपचुनाव के प्रचार के दौरान बाजवा ने किया दावा : आप सभी मोर्चों पर हुई विफल

**बरनाला (पंजाब) :** कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह सभी मोर्चों पर 'विफल' हो गयी है तथा समाज का हर तबका 'ठगा महसूस' कर रहा है। विधानसभा में विपक्ष के नेता बाजवा ने यहां संवाददाताओं से यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा धान की खरीद और उठान में 'सुस्ती' के कारण किसान मंडियों में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। बाजवा विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप सिंह ढिल्लों के पक्ष में प्रचार करने के लिए बरनाला पहुंचे थे। उनके साथ सांसद अमर सिंह एवं पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू भी थे। बाजवा ने कहा कि पिछले ढाई सालों में आम आदमी पार्टी ने अपना कोई चुनावी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''किसानों, कर्मचारियों और महिलाओं से किया गया कोई भी एक ऐसा वादा हमें बताइए जिसे उसने पूरा किया हो।'' प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भगवंत मान सरकार ने महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये अब तक नहीं दिया जिसका आप ने 2022 के चुनाव से पहले वादा किया था। उन्होंने कहा कि बाद में मान ने दावा किया कि वह हर महिला को 1100 रुपये प्रतिमाह देंगे। उन्होंने आरोप लगाया, ''महिलाओं को अबतक एक भी पैसा नहीं दिया गया है। हर तबका ठगा हुआ महसूस कर रहा है। वह हर स्थिति में विफल रही है।'' धान खरीद के मुद्दे पर बाजवा ने कहा कि मंडियों में किसानों को 'लूटा' जा रहा है तथा उन्हें प्रति क्विंटल 300 रुपये की कटौती को स्वीकार करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री मान ने स्थिति का जायजा लेने के वास्ते राज्य में किसी अनाज बाजार में जाने की जहमत नहीं उठायी।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय खाद्य मंत्री से मुलाकात करना तथा धान के उठान में 'सुस्ती' का मुद्दा उठाना मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी है।

## भाजपा 'बंटेंगे तो कटेंगे', 'वोट जिहाद' के जरिये ध्रुवीकरण कर रही है, लेकिन लोग समझदार हैं : पायलट

**पुणे :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 'वोट जिहाद' और 'धर्मयुद्ध' जैसे शब्दों के साथ-साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि लोग समझदार हैं और ध्रुवीकरण के ऐसे प्रयासों के आगे नहीं झुकेंगे। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि महाविकास आघाडी (एमवीए) के वोटों में सेंध लगाने के लिए भाजपा छोटे दलों को आगे लायी है, लेकिन यह रणनीति विफल हो जाएगी।

पायलट ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे व्यक्ति को 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसा नारा नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके स्थान पर 'पढ़ोगे तो बढ़ोगे' का इस्तेमाल करना चाहिए। भाजपा नेताओं द्वारा 'वोट जिहाद' की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, ''योगी जी और देवेंद्र फडणवीस जी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा अनुचित है। आप धर्म के आधार पर किस हद तक राजनीति करेंगे? अयोध्या में, जहां राम मंदिर बनाया गया, भाजपा लोकसभा चुनाव हार गई। ध्रुवीकरण हो रहा है लेकिन लोग समझदार हैं और हर चीज समझते हैं।'' उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को इस तरह की टिप्पणियों का संज्ञान लेना चाहिए, क्योंकि लोगों की भावनाओं को भड़काकर वोट मांगे जा रहे हैं। वे (भाजपा) 'वोट जिहाद' और 'धर्मयुद्ध' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, क्योंकि वे डरे हुए हैं और पिछड़ रहे हैं। वे अपना (शासन का) 'रिपोर्ट कार्ड' दिखाने में विफल रहे हैं।''

इस्लामिक विद्वान सज्जाद नोमानी द्वारा समुदाय के लोगों से एमवीए उम्मीदवारों के लिए वोट करने के लिए कहने वाले एक कथित वीडियो के बारे में पूछे जाने पर पायलट ने कहा कि उनकी पार्टी ने किसी भी धार्मिक नेता से इस तरह का समर्थन करने के लिए नहीं कहा है। पायलट ने कहा, ''संविधान में सभी समान हैं। अपनी पसंद के अनुसार वोट करना सभी का अधिकार है। कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर राजनीति नहीं की है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान के बूंदी में बस पलटने से तीन लोगों की मौत, 13 घायल

**कोटा :** राजस्थान के बूंदी जिले में लालसोट-कोटा मेगा राजमार्ग पर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस खंभे से टकराकर पलट गई, जिससे इसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात करीब दो बजे तेज रफ्तार बस 43 यात्रियों को लेकर सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा स्थित माताजी मंदिर से लौट रही थी, उस दौरान ही यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना में अरविंद सिंह (62), अंतिम कुमार वैष्णव (28) और बस के कंडक्टर मांगीलाल राठौर (60) की मौत हो गई। एक तीर्थयात्री ने संवाददाताओं को बताया कि बस बहुत तेज गति से चल रही थी, तभी चालक ने सड़क पर एक गड्ढे से बस को बचाने का प्रयास किया, जिससे बस उसके नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई।

### कोटा में आत्महत्या के प्रयास के बाद प्रमुख कोचिंग संस्थान के शिक्षक की मौत

**कोटा :** राजस्थान के कोटा स्थित एक प्रमुख कोचिंग संस्थान के 42 वर्षीय शिक्षक की रविवार सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले उन्होंने अपने फ्लैट में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। लैंडमार्क सिटी के 'पैराडाइज रेजीडेंसी' निवासी हेमंत चौधरी शहर के एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान 'नर्चर क्लासेस' में शिक्षक थे। कुन्हाड़ी थाना प्रभारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि चौधरी ने बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजे लैंडमार्क सिटी स्थित अपने फ्लैट में दुपट्टे का इस्तेमाल कर पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली, हालांकि उनके परिवार के सदस्य समय रहते कमरे में पहुंच गए और उन्हें नीचे उतार लिया। भारद्वाज ने बताया कि चौधरी के कान और नाक से खून बह रहा था और उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो दिनों तक उनका इलाज हुआ लेकिन रविवार तड़के चार बजे उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि कोई पत्र बरामद नहीं हुआ है तथा आत्महत्या के पीछे का कारण अभी पता नहीं लग पाया है।

### सोनभद्र में इंटर कॉलेज के शौचालय में कैमरा लगाया, छात्राओं की शिकायत पर मामला दर्ज

**सोनभद्र (उप्र) :** सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज के शौचालय में एक नाबालिग द्वारा कथित तौर पर कैमरा लगाये जाने की शिकायत के बाद उसके पिता को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कालू सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम धुरिया स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रह्मदेव इंटर कॉलेज के शौचालय (सिर्फ छात्राओं के प्रयोग) में कैमरा लगा हुआ मिला है जिसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज के बगल में अनिल मौर्या का मकान है तथा कॉलेज के शौचालय की दीवार मौर्या के घर से सटी हुई है। उन्होंने कहा कि उसी का फायदा उठाकर अनिल मौर्या के नाबालिग बेटे ने अपने घर की दीवार से शौचालय की तरफ एक छोटा कैमरा लगा दिया।

# 'खुफिया रिपोर्ट' बताती है कि हेमंत सरकार ने बांग्लादेशियों को शरण दी : नड्डा

**बोकारो/धनबाद/जामताड़ा (झारखंड) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि एक ''खुफिया रिपोर्ट'' के अनुसार झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को मदरसों में शरण दी और यह सुनिश्चित किया कि उन्हें जमीन तथा आधार कार्ड जैसे सरकारी दस्तावेज मिलें। नड्डा ने यह कहते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा कि वह ओबीसी के 'चैंपियन' बनना चाहते हैं। उन्होंने सवाल किया कि सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले सामाजिक सेवा संगठन 'राजीव गांधी फाउंडेशन' एवं पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार से संबद्ध राष्ट्रीय सलाहकार समिति में कितने ओबीसी सदस्य रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आज झारखंड में तीन चुनावी रैलियों में अपने संबोधन में राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन के दो मुख्य घटकों-- झारखंड मुक्त मोर्चा



(झामुमो) और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। नड्डा ने कहा, ''अभी मुझे खुफिया रिपोर्ट मिली है। उसमें कहा गया है कि यहां (राज्य में) बांग्लादेशी घुसपैठियों को मदरसों में शरण दी जाती है। उनके लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, गैस कनेक्शन एवं राशन कार्ड हासिल करना आसान बनाया गया। झामुमो नीत सरकार उनके लिए जमीन सुनिश्चित करती है।'' केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने बोकारो जिले के गोमिया में एक रैली को संबोधित करते हुए एक कागज दिखाया और दावा किया कि यह खुफिया रिपोर्ट है। उन्होंने कहा, ''हेमंत सोरेन ने झारखंड के 'जल, जंगल, जमीन' को लूटा। राज्य में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हो रही है। घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कानून लाएंगे कि उनकी (घुसपैठियों की) संतानें जमीन से वंचित हों। केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ही घुसपैठ रोक सकती है।'' नड्डा ने पूरे झामुमो-राजद-कांग्रेस गठबंधन को भ्रष्ट नेताओं का कुनबा बताया और कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''जमानत पर बाहर आए हेमंत सोरेन फिर जेल जाएंगे। वह 5,000 करोड़ रुपये के खनन घोटाले, 236 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले और कई अन्य घोटालों में लिप्त हैं।'' प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में 31 जनवरी को सोरेन को गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उन्हें 28 जून को जेल से रिहा किया गया था। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया, ''हेमंत सोरेन सरकार ने 'बाँटो और राज करो' की नीति का पालन किया, लोगों के बीच अशांति पैदा की। अब सत्ता से उसकी विदाई का वक्त आ गया है। हम यहां सरकार बनाएंगे।'' उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार ने लोगों के साथ विश्वासघात किया, राज्य को लूटा तथा ''वंशवादी राजनीति'' को बढ़ावा दिया। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी खुद को ओबीसी के 'चैंपियन' के रूप पेश करने की चेष्टा कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस कार्यसमिति, राजीव गांधी फाउंडेशन और उनकी मां सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहाकार समिति में कितने ओबीसी सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में 27 ओबीसी मंत्री हैं।'' नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राजग सरकार ओबीसी, आदिवासियों, अनुसूचित जातियों को मुख्यधारा में ला रही है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''केंद्र में भाजपा नीत सरकार ने बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 19 लाख करोड़ रुपये खर्च किए तथा इस पर 10 लाख करोड़ रुपये और खर्च करेगी।''

## भाजपा बताए झारखंड में उसका मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है : तेजस्वी यादव

**बोकारो (झारखंड) :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को भाजपा से पूछा कि झारखंड में उसका मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन है। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार स्पष्ट है। तेजस्वी ने धनबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि वे भाजपा से पूछें कि यदि वह झारखंड में सत्ता में आती है, तो उसका मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा, क्योंकि 'इंडिया' गठबंधन के पास अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार के बारे में स्पष्टता है। इससे पहले दिन में, तेजस्वी ने बोकारो में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार बेरोज-गारी और आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, ''केंद्र में भाजपा नीत सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रही है।



भाजपा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि को रोकने और रोज-गार के अवसर बढ़ाने में नाकाम रही है।'' राजद नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी राज्यों में गैर-भाजपा सरकारों को सत्ता से बाहर करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। तेजस्वी ने कहा, ''उन्होंने (भाजपा) झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को जेल भेजा और मुझे भी जेल भेजने की कोशिश की।

## जींद में पराली जलाने पर 12 किसानों के खिलाफ मामले दर्ज

**जींद :** हरियाणा के जींद में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर के बीच जिले में 12 किसानों के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई कृषि विभाग की शिकायत पर की गई है। वायु प्रदूषण को देखते हुए फसलों के अवशेष जलाने पर रोक है, बावजूद इसके पराली जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कृषि विभाग की शिकायत पर नंदगढ़ गांव, उझाना, खरल गांव, धमतान साहिब गांव, घसो गांव व बडनपुर गांव समेत अन्य इलाकों के कुल 12 किसानों के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में संबंधित थानों में अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं तथा इनकी जांच जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 'समीर' ऐप के मुताबिक, रविवार शाम सात बजे जींद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 था जो 'खराब' श्रेणी में आता है। एक्यूआई 0-50 के बीच 'अच्छा', 51-100 के बीच 'संतोषजनक', 101-200 के बीच 'मध्यम', 201-300 के बीच 'खराब', 301-400 के बीच 'बेहद खराब' और 401-500 के बीच रहने पर 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

## झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन सरकार चट्टान की तरह खड़ी है : हेमंत सोरेन

**जामताड़ा :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को दावा किया कि प्रदेश की गठबंधन सरकार राज्य में चट्टान की तरह खड़ी है और भाजपा इसे गिराने की तमाम साजिशों के बावजूद कुछ नहीं कर पा रही है। सोरेन ने दावा किया कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए उन्हें सलाखों के पीछे डाला लेकिन वह इससे ज्यादा कुछ नहीं कर पाई। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों के समर्थन में जामताड़ा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, देश के



संविधान की रक्षा और एजेंडा-विहीन भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए गठबंधन सहयोगियों की एकता जरूरी है। सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल ने राज्य के आदिवासियों, किसानों और गरीब लोगों के लिए क्या किया? उन्होंने कहा, भाजपा ने 'कुछ नहीं' किया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने लोगों की बेहतरी के लिए काम किया। जनता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं जैसे 'आपकी सरकार, आपके द्वार' का लाभ उठा रही है। इस योजना के तहत सरकारी अधिकारी लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उनके घर पर जाते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा के सभी शीर्ष नेता झारखंड में डेरा डाले हुए हैं। वे सत्ता के लिए बेताब हैं लेकिन हम पिछले पांच वर्ष से उन्हें सत्ता से दूर रखने में सफल रहे हैं।

## अशोक सिंघल ने सनातन धर्म, हिंदू संस्कृति व राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित किया : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने सनातन धर्म, हिंदू संस्कृति व राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रद्धेय अशोक सिंघल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।'' उन्होंने कहा कि सिंघल ने सनातन धर्म, हिंदू संस्कृति व राष्ट्र सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन हर भारतव-ासी, हर सनातनी के लिए पाथेय है।



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर कहा, ''ओजस्वी वक्ता, हिन्दू हृदय सम्राट, भारतीय संस्कृति के संवाहक, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तम्भ, सनातन व हिंदुत्व के संरक्षण में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले, कुशल नेतृत्वकर्ता, हम सभी के प्रेरणास्रोत व मार्गदर्शक, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अध्यक्ष परमपूज्य अशोक सिंघल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।'' मौर्य ने कहा, ''सनातन संस्कृति व भारतीय धार्मिक परम्पराओं व मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन में आपके अतुलनीय योगदान के लिए राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा।''

## झारखंड के समाज और संस्कृति के लिए खतरा 'घुसपैठ' : हिमंत

**रांची :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दावा किया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड की संस्कृति और समाज के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। शर्मा ने झारखंड में झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) नीत गठबंधन सरकार पर घुसपैठ को 'संरक्षण' देने का आरोप लगाया। शर्मा ने गोड्डा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में घुस रहे हैं, आदिवासी लड़कियों से शादी कर रहे हैं और उनकी जमीनें हड़प रहे हैं। वे जमीन और लव जिहाद की कला जानते हैं। वे हमारे समाज और संस्कृति के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। शर्मा, झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हैं। उन्होंने दावा



किया कि 1951 में संथाल परगना में 23 लाख हिंदू और दो लाख मुसलमान थे। शर्मा ने आरोप लगाया, आज इस क्षेत्र में हिंदुओं की आबादी 1951 में 90 प्रतिशत से घटकर 67 प्रतिशत रह गई है जबकि इस अवधि में मुस्लिम आबादी बढ़कर 31 प्रतिशत हो गई है। झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है।

## गुजरात में रैगिंग के बाद एमबीबीएस छात्र की मौत, जांच के आदेश

**पाटन :** गुजरात के पाटन जिले के एक मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 18 वर्षीय छात्र की रैगिंग के दौरान कथित तौर पर तीन घंटे तक खड़े रहने के कारण मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज ने शनिवार को हुई इस घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक छात्र को उसके वरिष्ठ छात्रों द्वारा काफी देर तक खड़े रहने के लिए मजबूर किया गया, जिसके कारण वह बेहोश हो गया था। वह कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था। यह घटना शनिवार रात पाटन के धारपुर स्थित जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छात्रावास में हुई। कॉलेज के डीन डॉ. हार्दिक शाह ने बताया कि पीड़ित छात्र अनिल मेथानिया को उसके सीनियर छात्रों द्वारा रैगिंग के दौरान कथित तौर पर तीन घंटे तक खड़ा रखा गया, जिसके कारण वह बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। डॉ. हार्दिक शाह ने कहा, ''अनिल मेथानिया के बेहोश हो जाने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे बचाने के सभी प्रयास विफल रहे और उसे मृत घोषित कर दिया गया। अनिल के सहपाठियों ने बताया कि उसकी मौत कॉलेज के छात्रावास में तीन घंटे तक खड़े रहने और सीनियर छात्रों के सामने अपना परिचय देने के बाद हुई। '' डीन ने कहा कि कॉलेज की रैगिंग निरोधक समिति ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यदि सीनियर छात्र रैगिंग के लिए जिम्मेदार पाए गए तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## उप्र उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद छिन जाएगी योगी की कुर्सी : अखिलेश

**अम्बेडकर नगर :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर उपचुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पराजय के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुर्सी छीन ली



पार्टी बना दिया। जबसे भाजपा लोकसभा चुनाव हारी है, इनके नेताओं को नींद नहीं आ रही है। प्रदेश में नौ सीट पर हो रहा उप-चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा उपचुनाव तो हारेगी ही, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी हारेगी। उसके बाद मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) जी की कुर्सी छिन जायेगी। सपा

जायेगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री समाज में 'नफरत का बारूद' बिछा रहे हैं और भेदभाव कर रहे हैं तथा दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के लोग उन्हें हटाने के लिए उनकी कुर्सी तक 'सुरंग' खोद रहे हैं। यादव ने कटेहरी विधानसभा सीट पर उप-चुनाव के लिए अलग अलग जनसभाओं को सम्बोधित कर सपा और 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन की प्रत्याशी शोभावती वर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा, जनता ने लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन को रिकॉर्ड मतों से जिताकर भाजपा को उत्तर प्रदेश में नम्बर दो की अध्यक्ष ने दावा किया, मुख्यमंत्री जी समाज में नफरत का बारूद बिछा रहे हैं। भेदभाव कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के लोग उन्हें हटाने के लिए उनकी कुर्सी तक सुरंग खोद रहे हैं। इनके उपमुख्यमंत्री दिल्ली का गाना बजा रहे हैं। यादव ने कहा कि जबसे सपा ने पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा दिया है, मुख्यमंत्री घबराए हुए हैं, क्योंकि भाजपा सरकार ने पीडीए को कुछ नहीं दिया और वे पीडीए से नफरत करते हैं। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा को निशाने पर लेते हुए दावा किया, ये जो अंग्रेजों के विचार वंशी हैं, सब उल्टा काम कर रहे हैं। समाज में नफरत घोल रहे हैं।

## तेलंगाना : मेडिकल छात्र को नाई की दुकान पर ले जाकर शिक्षक ने उसका सिर मुंडवाया, जांच के आदेश

**हैदराबाद :** तेलंगाना के खम्मम जिले में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के एक शिक्षक ने एक छात्र को कथित तौर पर नाई की दुकान पर ले जाकर उसका सिर मुडवा दिया। मामला सामने आने के बाद सरकार ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा ने 12 नवंबर को हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह रैगिंग का मामला नहीं है। राज्य सरकार के अधिकारियों ने बताया कि जानकारी के मुताबिक शुरू में संस्थान के छात्रावास में कुछ वरिष्ठ छात्रों ने प्रथम वर्ष के छात्र से कहा कि उसकी 'हेयर स्टाइल' महाविद्यालय के छात्र के लिए उचित नहीं है और वह बाल कटवा ले। अधिकारियों ने बताया कि छात्र द्वारा बाल कटवाने के बाद रैगिंग विरोधी समिति के प्रभारी चिकित्साधिकारी ने उससे कहा कि ''यह अजीब लग रहा है'' और उसे सैलून में ले जाकर उसके बाल मुंडवा दिए। अधिकारियों के मुताबिक, चिकित्साधिकारी छात्रावास परिसर में ही रहते हैं और सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मामला प्राध्यापक के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने शनिवार को चिकित्साधिकारी को छात्रावास से हटाने का आदेश दिया और घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की। प्राध्यापक ने कहा कि सहायक प्राध्यापक का इस तरह की गतिविधि में शामिल होना ठीक नहीं है। सहायक प्राध्यापक ने कहा कि उनकी मंशा गलत नहीं थी और वह छात्र को सिर्फ अनुशासित करना चाहते थे।

## उत्तर प्रदेश उपचुनाव : बसपा के प्रचार अभियान से प्रमुख नेता नदारद

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान पर विराम लगने वाला है। ऐसे में सभी प्रमुख दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है, जबकि सभी सीट पर चुनाव लड़ रही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का कोई भी बड़ा नेता प्रचार अभियान में नहीं दिख रहा है। उपचुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और सोमवार शाम से प्रचार अभियान पर विराम लग जाएगा, लेकिन बसपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ही अकेले नेता हैं जो अपनी पार्टी के लिए तैयारियों में लगे हुये हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने इन नौ सीट में से किसी भी उम्मीदवार के समर्थन में अभी तक कोई जनसभा या रैली में भाग नहीं लिया है। यहां तक कि पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक एवं बसपा प्रमुख के भतीजे आकाश आनंद और पार्टी के स्टार प्रचारकों



की सूची में तीसरे नंबर पर मौजूद पूर्व राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र मिश्र भी किसी उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने नहीं उतरे हैं। हालांकि, मिश्रा ने दावा किया है कि उनकी पार्टी उपचुनावों में बेहद मजबूती से लड़ रही है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''बसपा बहन मायावती जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की नौ सीट पर हो रहे उपचुनाव में बेहद मजबूती से लड़ रही है। लोगों से अपील करता हूं कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे एवं सुरक्षित भी रहेंगे। भाजपा और सपा से दूर रहेंगे तो बचे रहेंगे।'' पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, ''बहन जी (मायावती) के आदेश पर मैं और पार्टी के समन्वयक और जिलाध्यक्ष उपचुनाव वाली सभी नौ सीट पर पार्टी के प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं।'' पाल ने कहा, ''बहन जी का संदेश लेकर हम लोग उप-चुनाव वाली सभी सीट पर जा रहे हैं और अपने कार्यकर्ताओं को पूरी तरह उत्साहित कर रहे हैं। आप देखिएगा कि उप चुनाव में बसपा के पक्ष में बहुत अच्छे परिणाम आयेंगे, जो अन्य दलों को चौंका देंगे।'' यह पूछे जाने पर कि पार्टी प्रमुख मायावती और राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने भी अभी तक कोई रैली या जनसभा नहीं की है, इस पर उन्होंने कहा, ''बहन जी और आकाश भैया झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में व्यस्त हैं, इसके अलावा मुझे अपनी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का कोई आदेश या निर्देश नहीं मिला है।'' यह पूछे जाने पर कि रविवार और सोमवार को प्रचार के आखिरी दिनों में मायावती या आकाश आनंद उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में प्रचार करेंगे या नहीं इस पर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ''अभी तक हमारे राष्ट्रीय नेताओं के उत्तर प्रदेश उप-चुनावों के बारे में ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी नहीं है।'' बड़े नेताओं की बेरुखी से पार्टी के उम्मीदवारों के मनोबल पर असर पड़ रहा है और वे अकेले अपने दम पर माहौल बनाने में जुटे हैं। कानपुर की सीसामऊ सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''चुनाव प्रचार तो अच्छे से जारी है।

## न्यूज अपडेट

### पटना के गांधी मैदान में फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रचार के दौरान अफरा-तफरी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया, जब फिल्म 'पुष्पा-2' के प्रचार के लिए आए अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की एक झलक पाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों कलाकार अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' के प्रचार के लिए पटना आए थे। कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुए लोगों के एक समूह ने अवरोधक पार कर लिए तथा जब उन्हें कलाकारों के करीब जाने से रोका गया तो उन्होंने जूते और चप्पलें फेंकी। यह कार्यक्रम देर रात तक जारी रहेगा। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने इस बात से इनकार किया कि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया, जैसा कि मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया है। एसएसपी मिश्रा ने कहा, ''केवल कुछ लोगों को ही हटाया गया, जो कार्यक्रम देखने आए थे और अवरोधकों को पार करने की कोशिश कर रहे थे। गांधी मैदान में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।'' पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सब कुछ नियंत्रण में है। तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने रविवार को पटना में अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' का ट्रेलर जारी किया।

### पंजाब उपचुनाव : डेरा बाबा नानक सीट पर 'आप' उम्मीदवार का समर्थन करेंगे अकाली नेता

**डेरा बाबा नानक (पंजाब) :** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की एक समिति ने 20 नवंबर को डेरा बाबा नानक विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार गुरदीप सिंह रंधावा को समर्थन देने की रविवार को घोषणा की। 'आप' ने यह जानकारी दी। अकाली नेता सुच्चा सिंह लंगाह ने 31 सदस्यीय समिति का गठन यह तय करने के लिए किया था कि डेरा बाबा नानक सीट पर उपचुनाव में किसे समर्थन देना है। अकाली नेता राजिंदर सिंह वैरोके के हवाले से 'आप' ने एक बयान में कहा, कुछ दिन पहले गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, डेरा बाबा नानक में अकाली कार्यकर्ताओं की एक बड़ी बैठक के बाद गठित समिति ने सर्वसम्मति से उपचुनाव में गुरदीप रंधावा का समर्थन करने का फैसला किया। वैरोके ने कहा, हम गुरदीप सिंह रंधावा का समर्थन करने को लेकर एकजुट हैं। निर्वाचन क्षेत्र के वरिष्ठ अकाली कार्यकर्ताओं की सामूहिक इच्छा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है।

### मंत्री गुलाब देवी ने खुद तोड़ा परिवार की दुकान का अतिक्रमित हिस्सा

**सम्भल :** उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने अपने विधानसभा क्षेत्र चंदौसी में अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान अपने परिवार के कब्जे वाली दुकान के एक हिस्से को खुद हथौड़ा चलाकर तोड़ा। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, चंदौसी क्षेत्र में प्रशासन नाले-नालियों पर अवैध रूप से बने निर्माण एवं नाजायज कब्जों के खिलाफ पिछले करीब एक सप्ताह से अभियान चला रहा है। क्षेत्र की विधायक और राज्य की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के परिवार की करीब चार दशक पुरानी दुकान का एक हिस्सा चिह्नित अतिक्रमण क्षेत्र में आ रहा था। मंत्री ने खुद हथौड़ा चलाकर उस हिस्से को तोड़ा। गुलाब देवी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''यह 40-45 साल पुरानी छोटी सी दुकान है। यह मेरे पिता जी की निशानी है लेकिन मैं इसके एक हिस्से को अपने हाथों से तोड़ रही हूं, क्योंकि वह सड़क के हिस्से में आ रही थी। मैं इसे सहर्ष तोड़वाने के लिये तैयार हूं क्योंकि जो जनता के साथ हो रहा है, वो ही मेरे साथ भी हो रहा है। उन्होंने कहा, ''इस समय मुझे भी कष्ट हो रहा है। मेरे पिता जी इसमें प्रेस करते थे और आज उनकी निशानी को अपने हाथ से तोड़ रही हूं, लेकिन सरकार के नियमों से बढ़ कर हमारे लिए कुछ भी नहीं है। जनहित में मैंने यह काम स्वयं किया है। सरकार किसी के साथ बुरा नहीं कर रही है।'' मंत्री ने कहा कि अतिक्रमण रोधी अभियान से किसी का अहित नहीं हुआ है तथा जिन्होंने नाले बंद कर रखे है, उनसे इन्हें खुल-वाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके मुताबिक, जहां उनकी दुकान है वहां छोटी सी नाली है, चूंकि यह सड़क पर आ रही है इसीलिए तोड़ी जा रही है।

### जैसलमेर में निर्दलीय विधायक पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में मामला दर्ज

**जयपुर :** राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक निजी कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में निर्दलीय विधायक रवीन्द्र सिंह भाटी पर मामला दर्ज किया गया है। विधायक ने विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिये गए दो युवकों को कथित तौर पर पुलिस से छुड़ा लिया। बाड़मेर के शिव विधायक भाटी ने युवकों को पुलिस जीप से उतरने को कहा और वे गाड़ी से उतरकर चले गए। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुधीर चौधरी के निर्देश पर रविवार को झिनझिनयाली थाने में भाटी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सीआईबी-सीबी द्वारा की जाएगी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को जैसलमेर के बईया गांव में एक निजी कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान गड़बड़ी पैदा करने के आरोप में दो ग्रामीणों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने उन्हें धरना स्थल से उठाकर पुलिस जीप में बिठाया। विधायक ने वहां पहुंचकर हस्तक्षेप किया और उन्हें छुड़वाया। बईया गांव में जहां एक निजी कंपनी ग्रिड सबस्टेशन (जीएसएस) का निर्माण कर रही है, वहां विरोध प्रदर्शन चल रहा है। भाटी आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं।

### मेरठ में सेवानिवृत्त शिक्षिका अपने घर में मृत मिलीं, बदबू आने पर पड़ोसियों को पता चला

**मेरठ (उप्र) :** मेरठ की मानसरोवर कॉलोनी में एक सेवानिवृत्त शिक्षिका अपने घर में मृत मिलीं। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि बदबू आने पर पड़ोसियों को इस बारे में पता चला। महिला की पहचान मीना शर्मा (81) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह पड़ोसियों को उनके घर से बदबू आई तो खिड़की से झांक कर देखने पर मीना को बिस्तर से नीचे गिरा देखा। उसने बताया कि पड़ोसियों ने मीना की बहू दीप्ति को इसकी जानकारी दी और उन्होंने 'यूपी-112' को सूचना दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अभिषेक तिवारी ने बताया कि मीना की मौत तीन दिन पहले हुई थी। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया तथा जांच में सामने आया कि मीना ने कमरे में हीटर जलाया था और बंद कमरे में जहरीली गैस से उनकी मौत हुई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### ओडिशा में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल जेल की सजा

**केंद्रपाड़ा :** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की एक अदालत ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के जुर्म में 53 वर्षीय व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार साहू ने बताया कि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) केंद्रपाड़ा प्रज्ञान परमिता रउल ने पीड़ित लड़की और मेडिकल रिपोर्ट सहित 19 गवाहों के साक्ष्य के आधार पर शनिवार को फैसला सुनाया। उन्होंने बताया कि अदालत ने दोषी कपिलेन्द्र मलिक पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार लड़की के साथ पड़ोसी मलिक ने छह जून 2022 को अपने घर में दुष्कर्म किया था, जब वह अपने दोस्त से मिलने उसके घर गई थी। लड़की की मां ने स्थानीय पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी और मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### मेरठ में सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत तीन की मौत

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के सरूरपुर क्षेत्र में रविवार शाम एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना से नाराज लोगों ने रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सरधना क्षेत्र के रतनगढ़ी में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य उपासना (18), मनीषा (22) और सुनील कश्यप (45) किसी शादी समारोह में जा रहे थे तभी रास्ते में करनावल गेट के पास उनकी मोटरसाइकिल एक खड़ी ट्रॉली से जा टकरायी। इसी बीच पीछे से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार तीनों लोगों को कुचल दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में उपासना, मनीष और सुनील की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना से नाराज मृतकों के परिजनों और गांव के लोगों ने मौके पर हंगामा करते हुए रास्ता जाम कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच गई है तथा ग्रामीणों को समझा कर शांत करने की कोशिश में जुटी हुई है।

### कर्नाटक: रिज़ॉर्ट के स्विमिंग पूल में तीन महिलाएं डूबी

**मंगलुरु (कर्नाटक) :** कर्नाटक में मंगलुरु के उल्लाल समुद्र तट के पास एक रिज़ॉर्ट के स्विमिंग पूल में रविवार को तीन महिलाएं कथित तौर पर डूब गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान निशिता एम डी (21), पार्वती एस (20) और कीर्तना एन (21) के रूप में की गई है। वे सभी मैसूरु के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, वे 16 नवंबर को समुद्र तट के पास रिज़ॉर्ट 'वाज़को' में ठहरने आई थीं। बताया जाता है कि निशिता तैरना नहीं आने के बावजूद स्विमिंग पूल में उतर गई थी। जब निशिता डूबने लगी तो उसे बचाने के लिए पार्वती ने भी इसमें छलांग लगा दी, लेकिन वह भी बाहर नहीं निकल सकी। बाद में, कीर्तन ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही वे सभी डूब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, उनमें से कोई भी तैरना नहीं जानता था और उस समय ड्यूटी पर कोई बचावकर्मी मौजूद नहीं था।

### मसाज पार्लर पर पुलिस का छापा : नौ महिलाओं समेत 16 गिरफ्तार

**मेरठ (उप्र) :** मेरठ जिले के सिविल लाइंस इलाके में रविवार को पुलिस ने एक मसाज पार्लर पर छापा मारकर कथित रूप से देह व्यापार में लिप्त नौ महिलाओं समेत 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मंगल पांडे नगर में स्थानीय निवासियों ने एक मसाज पार्लर में देह व्यापार होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुलिस ने आज अचानक छापा मारा जिस दौरान नौ महिलाओं और सात पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। सिंह के मुताबिक, उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया है। अधिकारी के अनुसार, पकड़े गये पुरुषों और महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। पार्लर की सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# प्रमुख परियोजनाएं गुजरात में स्थानांतरित होने से महाराष्ट्र में नौकरियां खत्म हुईं : प्रियंका गांधी



**मुंबई :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को सत्तारूढ़ भाजपा की नीतियों की आलोचना की और दावा किया कि कुछ बड़ी परियोजनाओं के गुजरात में स्थानांतरित होने के कारण महाराष्ट्र में नौकरियां खत्म हो गई हैं। बीस नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक रैली को संबोधित करते हुए, प्रियंका ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के नेता वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और समाज का ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की महायुति सरकार की प्रमुख योजना 'लाडकी बहिन' को लेकर उस पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि महिलाओं को बेहतर जीवन के लिए वोट देना चाहिए, न कि इसलिए कि उन्हें प्रति माह 1,500 रुपये मिल रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) सत्ता में आता है, तो वह सोयाबीन की फसल के लिए किसानों को 7,000 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) देगा। प्रियंका ने दावा किया कि महाराष्ट्र में 2.5 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि फॉक्सकॉन, एयरबस जैसी परियोजनाओं के गुजरात में स्थानांतरित होने के कारण राज्य में नौकरियां खत्म हो गई हैं।

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नागपुर में रोड शो किया

**नागपुर :** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के अंतिम दिन की पूर्व संध्या पर नागपुर में रोड शो किया। रोड शो के अंत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस समर्थकों के बीच टकराव भी देखने को मिला। प्रियंका का रोड शो स्थानीय लोगों की भारी भीड़ के बीच नागपुर पश्चिम और नागपुर मध्य निर्वाचन क्षेत्रों से होकर गुजरा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की महासचिव बैनर से सजे एक खुले वाहन में खड़ी थीं और उनके साथ पार्टी के नेता और कार्यकर्ता थे। पश्चिमी नागपुर से रोड शो शुरू होने के बाद प्रियंका की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां उमड़ पड़ीं।

# बाल ठाकरे की पुण्यतिथि: प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी सहित विभिन्न नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सहित विभिन्न नेताओं ने रविवार को शिव-सेना संस्थापक बाल ठाकरे को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं महान बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे महाराष्ट्र के विकास और मराठी लोगों के सशक्तीकरण का समर्थन करने वाले एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। वे भारतीय संस्कृति और लोकाचार के गौरव को बढ़ाने में दृढ़ विश्वास रखते थे। उनकी निर्भीक आवाज़ और अटूट भावना पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।'' राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बालासाहेब ठाकरे जी को उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूं। मेरी संवेदनाएं उद्धव ठाकरे जी, आदित्य और पूरे शिवसेना



परिवार के साथ हैं।'' शिवसेना संस्थापक को श्रद्धांजलि देने वाले नेताओं में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार, कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे शामिल हैं। पवार ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''शिवसेना के संस्थापक, व्यंग्यकार और राजनेता स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे को नमन, जिन्होंने मराठी लोगों के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी।'' गायकवाड़ ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने मराठी दिलों पर राज किया और जीवन भर मराठी लोगों के न्याय एवं अधिकारों के लिए लड़ते रहे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता फडणवीस ने अपने संदेश में कहा, ''हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे को उनके स्मृति दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।'' इससे पहले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे ने मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित बाल ठाकरे की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। शिवसेना के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों के कई सदस्यों ने भी बाल ठाकरे को उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवसेना के संस्थापक का लंबी बीमारी के बाद 17 नवंबर 2012 को मुंबई स्थित उनके आवास 'मातोश्री' में निधन हो गया था।

# सच्चाई सामने आ रही : प्रधानमंत्री मोदी ने गोधरा कांड पर बनी फिल्म पर कहा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2002 में गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन अग्निकांड की घटना पर बनी एक फिल्म का जिक्र करते हुए रविवार को कहा कि फर्जी विमर्श को कुछ समय के लिए ही आगे बढ़ाया जा सकता है। उक्त घटना के समय वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने यह टिप्पणी एक उपयोगकर्ता के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए की। पोस्ट में फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि यह ''हमारे हाल के इतिहास की सबसे शर्मनाक घटनाओं में से एक की महत्वपूर्ण सच्चाई को सामने लाती है।'' उपयोगकर्ता ने अन्य बिंदु भी उठाए, जिनमें दावा किया गया कि साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में ''यात्रियों को बेरहमी से जलाए जाने'' की घटना को निहित स्वार्थ वाले समूह द्वारा राजनीतिक खेल में बदल दिया गया। उसने मोदी के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि 'एक नेता' की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''ठीक कहा। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है और वह भी इस तरह कि आम लोग इसे देख सकें।'' अयोध्या से बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही ट्रेन में आग लगाने का आरोप मुस्लिम भीड़ पर लगा था। वहीं, अन्य तबके ने इसे महज एक हादसा कहा। इस आग में 50 से अधिक यात्री मारे गए थे, जिसके बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे।

# गहलोत के इस्तीफे से आप ने खोया जाट चेहरा, मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर पड़ सकता असर

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत के इस्तीफे से आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को पार्टी का चर्चित जाट चेहरा खो दिया। माना जा रहा है कि उनके इस्तीफे से फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले महिलाओं को 1000 रुपये मासिक मानदेय देने की आप सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रभावित हो सकती है। गहलोत 2015 से पश्चिमी दिल्ली में जाट बहुल नजफगढ़ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप सूत्रों ने बताया कि उनके इस्तीफे का असर बाहरी दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में होना निश्चित है, जहां पर इस समुदाय की अच्छी खासी मौजूदगी है। गहलोत (50) आतिशी सरकार में परिवहन, गृह, आईटी, प्रशासनिक सुधार और महिला एवं बाल विकास जैसे विभाग संभाल रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा 2024-25 के बजट में घोषित 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' का मसौदा तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से पहले इसे लागू करने की योजना पर अब असर पड़ेगा, क्योंकि गहलोत इसका मसौदा तैयार करने से जुड़े थे। गहलोत ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे अपने त्यागपत्र में कई मुद्दे उठाए, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व आधिकारिक आवास 'शीशमहल' विवाद, दिल्ली सरकार का केंद्र के साथ टकराव, जिससे लोगों को बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है और यमुना नदी की सफाई में विफलता शामिल है। दिल्ली भाजपा नेताओं ने गहलोत के इस्तीफे का स्वागत किया। इससे इस बात की चर्चा मजबूत हो गई कि वह विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, ''उन्होंने एक साहसी कदम उठाया। उन्होंने अपने इस्तीफे के लिए वही कारण बताए हैं जो भाजपा केजरीवाल और आप के खिलाफ उठा रही थी।''

## न्यूज अपडेट

### दिल्ली भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर, वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता रविवार को और खराब हो गई तथा वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 441 रहा, जिससे दिल्ली देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया। राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई शाम चार बजे 441 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। शनिवार को एक्यूआई 417 था। देश के चार शहरों में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा के बहादुरगढ़ में सबसे अधिक 445 एक्यूआई रहा, इसके बाद दिल्ली में 441, हरियाणा के भिवानी में 415 और राजस्थान के बीकानेर में 404 एक्यूआई दर्ज किया गया। दिल्ली के 40 निगरानी स्टेशनों में से सीपीसीबी द्वारा साझा किए गए 32 स्टेशनों के आंकड़ों के अनुसार 32 स्टेशनों ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर श्रेणी' में दर्ज किया, जिनमें एक्यूआई का स्तर 400 से ऊपर रहा।

### पुरी में चार दिसंबर को भारतीय नौसेना के शक्ति प्रदर्शन में 40 विमान, 25 युद्धपोत भाग लेंगे

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में पुरी के 'ब्लू फ्लैग' तट पर चार दिसंबर को होने वाले भारतीय नौसेना के शक्ति प्रदर्शन अभियान में 'मिग-29के' और हल्के लड़ाकू विमान सहित 40 विमान और 25 युद्धपोत भाग लेंगे। वे नौसेना की समुद्री ताकत और अभियानगत क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम में परेड भी होगी और इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल रघुबर दास, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। शनिवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में ओडिशा के पुलिस महानिदेशक वाई.बी. खुरानिया ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कार्यक्रम का आयोजन सुचारू तरीके से हो तथा राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन और नौसेना के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। यह पहली बार होगा, जब भारतीय नौसेना ओडिशा में इस तरह का आयोजन करेगी जिससे आम लोगों को अत्याधुनिक युद्धपोतों और विमानों के साथ-साथ कमांडो के प्रदर्शन देखने का एक अनूठा अवसर मिलेगा।

### तेलंगाना: इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट की घोषणा

**हैदराबाद :** तेलंगाना सरकार ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद और पंजीकरण पर 31 दिसंबर 2026 तक दो साल की शुरुआती अवधि के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट देने की रविवार को घोषणा की। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने बताया कि सरकारी आदेश 41 के तहत नयी ईवी नीति सोमवार (18 नवंबर) से लागू होगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हैदराबाद को प्रदूषण मुक्त बनाना है। सरकार ने इलेक्ट्रिक दोपहिया, चार पहिया वाहनों, वाणिज्यिक यात्री वाहनों जैसे टैक्सी, निजी कार, इलेक्ट्रिक थ्री-सीटर ऑटो-रिक्शा, तीन पहिया माल वाहनों सहित इलेक्ट्रिक हल्के माल वाहक, इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर और इलेक्ट्रिक बसों के लिए रोड टैक्स एवं पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है। इलेक्ट्रिक बसों के संबंध में यह छूट केवल तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक वाहनों के पूरे जीवनकाल के लिए लागू होगी।

### अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा 2' के ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचे प्रशंसकों का आभार जताया

**नयी दिल्ली :** तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने रविवार को पटना में अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' का ट्रेलर जारी किया। अर्जुन ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। 'पुष्पा 2' का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसमें अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। 'पुष्पा 2' 2021 में आई फिल्म 'पुष्पा : द राइज' फिल्म का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है। फिल्म का ट्रेलर बिहार की राजधानी पटना के खचाखच भरे गांधी मैदान में जारी किया गया। इस मौके पर रश्मिका भी मौजूद थीं। यह अल्लू अर्जुन की बिहार की पहली यात्रा थी। अभिनेता ने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं आप सभी के प्यार और गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आपका आभारी हूं।'' राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता ने अपनी लोकप्रिय फिल्म के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा, ''पुष्पा कभी झुकेगा नहीं, लेकिन आज पहली बार, आपके प्यार के लिए झुकेगा। धन्यवाद पटना, आपने मुझे बहुत प्यार दिया।'' फिल्म का ट्रेलर जारी होने से पहले कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा।

# बालासाहेब को अपने पुत्र को सत्ता के लिए विचारधारा से भटकते देखकर दुख हो रहा होगा : शिवराज

**काटोल (महाराष्ट्र) :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि दिवंगत बाल ठाकरे को अपने बेटे को सत्ता के लिए अपनी विचारधारा से भटकते देखकर दुख हो रहा होगा। शिवराज 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार चरणसिंह ठाकुर के समर्थन में यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। ठाकुर का मुकाबला मौजूदा विधायक अनिल देशमुख के बेटे सलिल देशमुख से है, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। इससे



पहले दिन में शिवराज ने नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया और किसानों के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का जिक्र किया। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, ''मैं (दिवंगत) बालासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। लेकिन आज वह जहां भी हैं, उन्हें अपने बेटे को सत्ता की खातिर अपनी विचारधारा से भटकते देखकर बेहद दुख हो रहा होगा।'' भाजपा ने कई मौकों पर उद्धव पर कांग्रेस का साथ देकर महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन का हिस्सा बनने को लेकर निशाना साधा है, जो पहले अविभाजित शिवसेना के प्रमुख थे। भाजपा ने उद्धव पर यह कहते हुए निशाना साधा है कि उनके पिता कांग्रेस पार्टी के कट्टर विरोधी थे। शिवराज ने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोविड महामारी के दौरान देश की सेवा कर रहे थे, तब उद्धव अपने बंगले से बाहर भी नहीं निकले।

# दिल्ली के अस्पताल से अपहृत शिशु को उत्तर प्रदेश के एक रेलवे स्टेशन से बचाया गया, दो गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सफदरजंग अस्पताल से अपहृत डेढ़ महीने के एक शिशु को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन से बचाया गया और मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग से यह बचाव अभियान संचालित किया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) आकांक्षा यादव ने कहा, शिकायतकर्ता महिला 15 नवंबर को अपने पति के किडनी संबंधी इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल में थी, उस दौरान ही एक महिला ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसका विश्वास हासिल कर बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। यादव ने बताया कि इसके बाद महिला एक व्यक्ति के साथ ऑटो रिक्शा में बैठकर फरार हो गई। पुलिस के मुताबिक, सफदरजंग एन्कलेव पुलिस थाने में तत्काल एक प्राथमिकी दर्ज की गई और सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) रणबीर सिंह की निगरानी में जांच शुरू की गई। यादव ने कहा, जांच दल गठित कर उन्हें दिल्ली-एनसीआर के सभी प्रमुख बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर निगरानी के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि सफदरजंग अस्पताल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के बाद महिला की पहचान कर ली गई और उसे आनंद विहार रेलवे स्टेशन तक ट्रैक किया गया, जहां दोनों संदिग्ध बरेली जाने वाली 'सद्भावना एक्सप्रेस' में सवार हो गए थे।

# नेशनल कान्फ्रेंस नीत सरकार जम्मू का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी: फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू :** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जम्मू के प्रति ''चिंता नहीं हो-ने'' का आरोप लगाते हुए कहा कि उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने 'दरबार मूव' के महत्व पर भी जोर दिया और उसे एक ऐसी परंपरा बताया जो दोनों क्षेत्रों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देती थी। इसके तहत सरकार श्रीनगर और जम्मू से छह-छह महीने तक काम करती थी। हालांकि, इस परंपरा पर 2021 में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन ने विराम लगा दिया था। अब्दुल्ला ने कहा, ''जम्मू में मौजूदा हालात, खास तौर पर सड़कों और बुनियादी ढांचे के मामले में, भाजपा की इस क्षेत्र के प्रति ध्यान नहीं देने को उजागर करते हैं। सड़कों पर गड्ढे, गैर भरोसेमंद बिजली आपूर्ति, उच्च बेरोजगारी दर, टोल प्लाजा, नौकरी की 'आउटसोर्सिंग' और खनन गतिविधियां, साथ ही बड़े खुदरा उद्योगों का आना, ये सभी स्थानीय आबादी के प्रति भाजपा की उदा-सीनता के ज्वलंत उदाहरण हैं।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''भाजपा द्वारा किए गए वादे खोखले साबित हुए हैं, क्योंकि करीब एक दशक बीत चुका है और कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। वादा किए गए रोजगार, नयी सड़कें, स्कूल और अस्पताल कहां हैं।''

# मणिपुर में स्थिति शांत लेकिन तनावपूर्ण, कर्फ्यू जारी और इंटरनेट सेवा भी निलंबित

**इंफाल :** मणिपुर के जिरीबाम में छह लोगों के शव बरामद होने के बाद इंफाल घाटी में हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद यहां स्थिति शांत, लेकिन तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी के साथ घाटी में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। मणिपुर के जिरीबाम जिले में दो महिलाओं और एक बच्चे के शव बराक नदी से शनिवार को बरामद किए गए जबकि एक महिला एवं दो बच्चों के शव शुक्रवार रात मिले। ऐसा आरोप है कि उग्रवादियों ने ही अपहरण के बाद इनकी हत्या की है। दरअसल, जिरीबाम जिले में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच सोमवार को मुठभेड़ हुई थी जिसके बाद से राहत शिविर में रहने वाली तीन महिलाएं और तीन बच्चे लापता हो गए थे। इस मुठभेड़ में 10 उग्रावादी भी मारे गए थे।

### मणिपुर में एनपीपी ने भाजपा नीत सरकार से समर्थन वापस लिया

**शिलांग/इंफाल :** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने रविवार को यह दावा करते हुए हिंसा प्रभावित मणिपुर की भाजपा नीत सरकार से समर्थन वापस ले लिया कि एन बीरेन सिंह शासन इस पूर्वोत्तर राज्य में ''संकट का समाधान करने और सामान्य स्थिति बहाल करने में पूरी तरह से नाकाम'' रहा है। मणिपुर की 60 सदस्यीय विधानसभा में एनपीपी के सात विधायक हैं और समर्थन वापसी से सरकार के स्थायित्व पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि भाजपा के पास अपने 32 विधायकों के साथ सदन में पूर्ण बहुमत है। भाजपा को नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) के पांच और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के छह विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। एनपीपी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजे पत्र में दावा किया कि पिछले कुछ दिनों में मणिपुर में स्थिति और बिगड़ गई है, कई निर्दोष लोगों की जान गई है तथा राज्य के लोग ''अत्यधिक पीड़ा'' से गुजर रहे हैं।

# भाजपा चाहती है कि मणिपुर जलता रहे : खरगे

**नयी दिल्ली :** मणिपुर में ताजा हिंसा भड़कने के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी चाहती है कि मणिपुर जलता रहे क्योंकि इससे उनकी ''घृणास्पद विभाजनकारी राजनीति का मकसद पूरा होता है।'' मणिपुर में अस्थिर हालात के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में अपनी चुनावी रैलियां रद्द कर दी हैं। खरगे ने कहा कि राज्य के लोग कभी माफ नहीं करेंगे और न ही यह भूलेंगे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया और उनकी परेशानियों को दूर करने के लिए कभी उनके राज्य में कदम नहीं रखा। कांग्रेस अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी आपकी डबल इंजन सरकारों के शासन में 'न तो मणिपुर एक है, न ही मणिपुर सुरक्षित है'।'' उन्होंने



कहा, ''मई 2023 से यह अकल्पनीय दर्द, विभाजन और हिंसा से जूझ रहा है, जिसने इसके लोगों के भविष्य को नष्ट कर दिया है।'' उन्होंने कहा, ''हम पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि ऐसा लगता है कि भाजपा चाहती है कि मणिपुर जलता रहे क्योंकि इससे उसकी घृणित विभाजनकारी राजनीति का मकसद पूरा होता है।'' खरगे ने कहा कि सात नवंबर से अब तक कम से कम 17 लोगों की जान जा चुकी है, संघर्षग्रस्त क्षेत्रों की सूची में नए जिले जुड़े रहे हैं और आग सीमावर्ती पूर्वोत्तर राज्यों तक फैल रही है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ''आपने मणिपुर को निराश किया है - जो एक खूबसूरत सीमावर्ती राज्य है। भले ही आप भविष्य में मणिपुर का दौरा करें, राज्य के लोग कभी माफ नहीं करेंगे या भूलेंगे नहीं कि आपने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया और उनके कष्टों को दूर करने और समाधान खोजने के लिए कभी उनके राज्य में कदम नहीं रखा।''

### खरगे ने आरएसएस-भाजपा की तुलना जहर से की, कहा- 'जहरीले सांप' को मार देना चाहिए

**पुणे :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की तुलना 'जहर' से की और उन्हें भारत में 'राजनीतिक रूप से सबसे खतरनाक' करार दिया। खरगे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार समाप्त होने से ठीक एक दिन पहले सांगली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए 'जहरीले सांप को मारने' का उदाहरण दिया । कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''अगर भारत में राजनीतिक रूप से सबसे खतरनाक कोई चीज है तो वह भाजपा और आरएसएस हैं। वे जहर की तरह हैं। अगर सांप काटता है तो वह व्यक्ति (जिसे काटा गया है) मर जाता है... ऐसे जहरीले सांप को मार देना चाहिए।''

### मध्यप्रदेश : 'रील' बनाने के लिए बांध के पानी में कूदा युवक लापता

**गुना (मप्र) :** मध्यप्रदेश के गुना जिले में रविवार को सोशल मीडिया 'रील' बनाने के लिए बांध में कूदा 20 वर्षीय एक युवक लापता हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर रुठियाई इलाके में गोप-ीसागर बांध पर शाम करीब पांच बजे हुई। धरनावदा थाने के प्रभारी प्रभात कटारे ने बताया कि दीपेश लोढ़ा नामक युवक ने बांध के फाटक के पास पानी में गोता लगाते समय अपना मोबाइल फोन रील बनाने के लिए अपने दोस्त राज को दे दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोढ़ा ने अपने दोस्त से यह भी कहा था कि वह तैरना जानता है, हालांकि युवक डूबने लगा, जिसके बाद उसके दोस्त ने आसपास के लोगों से मदद मांगी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) को सूचित किया, जिसने लोढ़ा की तलाश शुरू की।

# त्रिपुरा: 35.76 लाख रुपये का गांजा जब्त, ट्रेन की पैंट्री कार के दो कर्मचारी गिरफ्तार

**अगरतला :** अगरतला रेलवे स्टेशन पर देवघर एक्सप्रेस की पेंट्री कार के दो कर्मचारियों के पास से 35.76 लाख रुपये का गांजा बरामद किये जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गांजे की संभावित तस्करी के बारे में विशेष सूचना के आधार पर जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के कर्मियों ने शनिवार शाम देवघर एक्सप्रेस की तलाशी ली। अगरतला जीआरपी थाना प्रभारी अधिकारी (ओसी) तपस दास ने संवाददाताओं को बताया, शाम करीब साढ़े छह बजे पेंट्री कार के दो कर्मचारियों को एक ठेला देवघर एक्सप्रेस की ओर ले जाते देखा गया। संयुक्त टीम ने ठेला रोका और तलाशी के दौरान उसमें गांजे के पैकेट मिले। दोनों व्यक्तियों के पास से 35.76 लाख रुपये का 298 किलोग्राम गांजा बरामद करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों कर्मचारियों की पहचान बिहार के रहने वाले अंकुल कुमार और बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया, हमने गांजा तस्करी में शामिल गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने के लिए मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पहली बार है कि लंबी दूरी की रेल गाड़ियों में यात्रियों को भोजन परोसने वाले दो कर्मचारियों को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

